www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

07 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 196

पीएम के पास हमले का इनपुट था : खड़गे



## न्यूज रील्स

### आइएसआइ मुख्यालय पहुंचे पाक के पीएम और सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद के आबपारा स्थित आइएसआइ मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरे को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर आरोप लगाये जा रहे हैं।

### पंजाब में जंगलों से आरपीजी-आइइडी और हैंड ग्रेनेड मिले

**अमृतसर।** भारत-पाक युद्ध की आशंका के बीच पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर (नवां शहर) के जंगलों में पुलिस ने दो आरपीजी, दो आइइडी, पांच हैंड ग्रेनेड और एक वायरलैस कम्युनिकेशन सेट बरामद किया है। सर्च ऑपरेशन में टीम को विस्फोटक सामग्री मिली।

### एलओसी के पास पकड़ा गया पाकिस्तानी नागरिक

**जम्मू कश्मीर।** पुंछ जिले में एलओसी के पास भारतीय सेना ने मंगलवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के एक निवासी को पकड़ा है। पकड़े गये व्यक्ति का नाम वकास (26) है, जो तारखल, पुंछ का रहने वाला है। वकास को सेना ने चाकन दा बाग के पास से पकड़ा। सेना उससे पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़ी ज्यादा जानकारी का इंतजार है।

## भारत पाकिस्तान को सबक सिखाने को तैयार

# आज देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल

- सिविल डिफेंस जिलों को तीन श्रेणियों में बांटा गया
- लोगों को सिखाये जायेंगे हमले से बचने के तरीके

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी के बीच भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा की तैयारी में भी जुट गयी है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दुश्मन के संभावित हवाई हमलों से बचने के लिए बुधवार को नागरिक सुरक्षा के लिए सभी राज्यों को मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। इस दौरान बिजली बंद की जायेगी, ताकि जंग के वक्त दुश्मन को लक्ष्य से भटकाया जा सके। साथ ही आम नागरिक और छात्रों को हवाई हमला होने पर खुद को सुरक्षित रखने के उपाय बताये जायेंगे। देश के 244 जिलों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल होगी।

गृह मंत्रालय ने इन इलाकों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। सिविल डिफेंस जिलों को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। पहली श्रेणी में सबसे संवेदनशील और तीसरे में सबसे कम संवेदनशील है।

**गृह मंत्रालय की हुई अहम बैठक :** दिल्ली में गृह मंत्रालय में मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की गयी। इसमें राज्यों के मुख्य सचिव और सिविल डिफेंस चीफ समेत कई अच्चाधिकारी मौजूद थे।

**मॉक ड्रिल के लिए गृह मंत्रालय का आदेश :** बताते चलें कि गृह मंत्रालय ने सोमवार को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किये थे। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को मॉक ड्रिल वाले जिलों की सूची जारी की। देश के 25 राज्यों के कुल 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को श्रेणी-1 से श्रेणी-3 के बीच रखा गया है।

**संवेदनशीलता के आधार पर श्रेणी :** श्रेणियों का चयन संवेदनशीलता के आधार पर किया गया है और इसी धार पर जिलों को बांटा गया है। श्रेणी-1 में वो जिले हैं, जो सबसे सेंसेटिव हैं। ऐसे कुल 13 जिले हैं। जैसे उत्तर प्रदेश में केवल एक जिला, बुलंदशहर श्रेणी-1 में है, क्योंकि यहां नरौरा न्यूक्लियर प्लांट मौजूद है। इसी तरह अन्य जिलों को रखा गया है। वहीं, श्रेणी-2 में 201 जिले, जबकि श्रेणी- 3 में 45 जिले हैं।

**मोबाइल और डिजिटल ट्रांजैक्शन फेल हो सकते हैं :** गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नागरिकों को यह हिदायत भी दी जायेगी कि वे मेडिकल किट, राशन, टॉर्च और मोमबत्तियां अपने घरों पर रखें। इसके अलावा कैश भी साथ रखें, क्योंकि इमरजेंसी में मोबाइल और डिजिटल ट्रांजैक्शन फेल हो सकते हैं।

## भारत पाक बॉर्डर के पास करेगा हवाई अभ्यास

- भारत को 28 को मिलेगा रूसी 'युद्धपोत तमल'
- आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार किये गये
- पाकिस्तान का एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन जारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/पहलगाम।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बुधवार को एयरफोर्स पाकिस्तान बॉर्डर (एलओसी) के पास हवाई अभ्यास करेगा। एयरफोर्स ने इसके लिए 'नोटम' (एयर मैन को नोटिस) जारी किया है। नोटम जारी करने का मतलब होता है, पायलटों और हवाई जहाज से जुड़ी एजेंसियों को कोई जरूरी जानकारी देना, ताकि वे उड़ान भरते समय सतर्क रहें। वहीं, पाकिस्तान ने लगातार 12वें दिन सीजफायर तोड़ा है। पाकिस्तानी सेना ने 5-6 मई की रात एलओसी के आसपास आठ जगहों कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर इलाकों में फायरिंग की। भारतीय सेना ने इसका जवाब दिया।

**आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार :** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जानकारी के मुताबिक नाका चेकिंग के दौरान दो आतंकियों के मददगार गिरफ्तार किये गये हैं। उनके पास से एक पिस्टल, एक ग्रेनेड और 15 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**28 मई को मिलेगा रूसी युद्धपोत तमल :** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच भारत की समुद्री ताकत बढ़ने वाली है। 28 मई को रूस में बना मॉडर्न स्टील्थ युद्धपोत 'तमल' भारतीय नौसेना को सौंपा जायेगा। इसके बाद जून में इसे आधिकारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जायेगा। यह जंगी जहाज ब्रह्मोस मिसाइल से लेस होगा। जो रडार की पकड़ में भी नहीं आयेगा।

**(विस्तृत जानकारी-पेज-2 पर)**

## रांची, बोकारो, गोमिया, जमशेदपुर, गोड्डा और साहिबगंज में भी होगी मॉक ड्रिल



- शाम चार बजे से सात बजे तक रांची में मॉक ड्रिल, बत्ती रखें बंद

**रांची (अजाद सिपाही)।** झारखंड के रांची, बोकारो, गोमिया, जमशेदपुर, गोड्डा और साहिबगंज में मॉक ड्रिल होगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि राज्य के प्रमुख छह शहरों में मॉक ड्रिल की तैयारी की गयी है। झारखंड के इन छह शहरों को नागरिक सुरक्षा की कैटेगरी में रखने के सवाल पर अधिकारियों ने बताया कि इन सभी शहरों की खास विशिष्टता है। दरअसल, रांची में सेना की छावनी है। जमशेदपुर, बोकारो और गोड्डा में स्टील के साथ-साथ पावर प्लांट्स मौजूद हैं। जबकि गोमिया में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री है। वहीं साहिबगंज जिले में गंगा नदी के तट पर बंदरगाह बना हुआ है। इसके अलावा गोड्डा और साहिबगंज की सीमा बांग्लादेश से बिल्कुल पास है। मंगलवार को जिला स्तर पर इसकी तैयारी की गयी। रांची में डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी चंदन सिन्हा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। रांची के डोरंडा इलाके में शाम चार बजे से शाम सात बजे तक मॉक ड्रिल होगी। इस दौरान लोगों को बिजली बंद रखने का आदेश दिया गया है।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से पाक को मिली लताड़

- पूछा, पहलगाम हमले में आपका हाथ है या नहीं

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** पहलगाम अटैक और भारत-पाकिस्तान तनाव पर सोमवार देर रात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में पाकिस्तान को लताड़ लगी। इसमें पाकिस्तान से सवाल हुए।


प्राप्त जानकारी के अनुसार पाकिस्तान से पूछा गया कि क्या पहलगाम हमले में लश्कर-ए-तैयबा शामिल था? बैठक में परिषद के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और इसकी जवाबदेही की जरूरत पर भी जोर दिया। सदस्यों ने पाकिस्तान द्वारा मिसाइल परीक्षण पर भी चिंता जाहिर की। सूत्रों के मुताबिक सदस्यों ने पाकिस्तान के द्वारा भारत पर लगाये आरोपों को भी खारिज कर दिया।

## खड़गे से मिले सीएम हेमंत




- वेणुगोपाल और कल्पना सोरेन भी थीं मौजूद

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। रांची के होटल बीएनआर में सीएम ने मुलाकात की। यह एक औपचारिक मुलाकात थी। इस मौके पर उनके बीच देश और राज्य के वर्तमान परिदृश्य में विभिन्न विषयों एवं पहलुओं पर चर्चा हुई।












आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 07 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# नौसेना में शामिल हो रहा 'आइएनएस तमाल', कांप गया पाकिस्तान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच, भारत ने अपनी नौसेना को एक और ताकतवर हथियार प्रदान किया है। रूस से मिल रहे नये युद्धपोत आइएनएस तमाल के साथ भारतीय नौसेना अपनी समुद्री ताकत में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि करने जा रही है। यह अत्याधुनिक युद्धपोत पाकिस्तान के लिए एक नया सुरक्षा खतरा बन सकता है, क्योंकि यह भारतीय समुद्री सीमाओं में स्थिति को और सशक्त करेगा। आइएनएस तमाल, जो एक मल्टी-रोल गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट है, पाकिस्तान के समुद्री क्षेत्र में भारतीय नौसेना की रणनीतिक पहुंच को नया आयाम देने वाला है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना को एक और ताकतवर हथियार मिल रहा है। रूस से जल्द ही भारतीय नौसेना को एक अत्याधुनिक युद्धपोत आइएनएस तमाल मिलेगा, जो समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की ताकत को और बढ़ा देगा। यह युद्धपोत भारत और रूस के बीच 2016 में हुए एक समझौते का हिस्सा है, जिसमें कुल 4 युद्धपोत बनाये जा रहे हैं। रूस के यांतर शिपयार्ड में तैयार हो रहे आइएनएस तमाल को 28 मई 2025 को भारतीय नौसेना को सौंपा जायेगा और इसे जून 2025 में औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जायेगा। इससे पहले आइएनएस तुशिल को दिसंबर 2024 में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में कमीशन किया था।

### 200 से ज्यादा भारतीय नौसैनिक ट्रेनिंग ले चुके

200 से ज्यादा भारतीय नौसैनिकों को इस युद्धपोत के संचालन और तकनीकी प्रणाली के लिए रूस में ट्रेनिंग दी गयी है। वे तमल की समुद्री ट्रायल्स में भी हिस्सा ले चुके हैं। यही भारतीय दल मई के अंत में तमल को रूस से भारत लायेगा।



### भारत की स्वदेशी निर्माण दिशा

आइएनएस तमाल, तलवार क्लास का दूसरा युद्धपोत है और भारत की नौसेना के लिए इसका ऐतिहासिक महत्व है। 2003 से भारतीय नौसेना में तलवार क्लास के छह युद्धपोत सेवा में हैं। आइएनएस तमाल के साथ भारतीय नौसेना की ताकत और बढ़ जाएगी, लेकिन इसके बाद भारत अपनी स्वदेशी निर्माण क्षमता को प्राथमिकता देने की योजना बना रहा है। भारतीय नौसेना ने स्पष्ट किया है कि क्छर तमाल के बाद किसी अन्य विदेशी युद्धपोत को खरीदने का कोई इरादा नहीं है। भारत अब स्वदेशी युद्धपोतों के निर्माण पर जोर दे रहा है और इसके लिए कई परियोजनाएं भी चल रही हैं।

## अत्याधुनिक युद्धपोत 'आइएनएस तमाल' की विशेषताएं

### मल्टी-रोल गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट

आइएनएस तमाल एक मल्टी गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट है, जिसे विभिन्न प्रकार के हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह पानी, हवा और सतह पर एकसाथ हमला करने में सक्षम है। इसका मुख्य उद्देश्य समुद्र में भारतीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करना है।

### आधुनिक हथियारों से लैस

आइएनएस तमाल को ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल से लैस किया गया है, जो इसका प्रमुख हमला हथियार होगा। इसके अलावा, युद्धपोत में टॉरपीडो और एंटी-सबमरीन रॉकेट्स भी मौजूद हैं, जो इसे दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य समुद्री खतरों से निपटने के लिए सक्षम बनाते हैं।

### गति और रेंज

आइएनएस तमाल की गति 30 नॉटिकल मील प्रति घंटे (लगभग 55 किलोमीटर प्रति घंटा) है, जिससे यह त्वरित गति से किसी भी दुश्मन पर हमला करने की क्षमता रखता है। इसके अलावा, यह 3,900 टन वजन का है और एक बार में 3,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है।




### हेलीकॉप्टर की तैनाती

इस युद्धपोत में मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर की तैनाती की जा सकती है, जो समुद्री इलाके में निगरानी और युद्ध अभियानों में मदद करेगा। यह क्षमता युद्धपोत को और भी घातक बना देती है क्योंकि हेलीकॉप्टर तटीय इलाकों में सटीक जानकारी और हमले प्रदान करने में सक्षम होंगे।

### अंतिम इंपोर्टेड वॉरशिप

आइएनएस तमाल भारत का आखिरी इंपोर्टेड युद्धपोत माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद भारत अपनी स्वदेशी निर्माण क्षमता को बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ने वाला है। भारत अब युद्धपोतों को स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित करने पर जोर दे रहा है। आइएनएस तमाल भारत का दूसरा युद्धपोत होगा जो तलवार क्लास फ्रिगेट में शामिल है, जिसमें पहले से क्छर तुशील सहित छह युद्धपोत भारतीय नौसेना का हिस्सा हैं।


### भारत के लिए रणनीतिक महत्व

आइएनएस तमाल भारतीय नौसेना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह युद्धपोत भारतीय समुद्री सुरक्षा को सशक्त करेगा और भारत को अपने पड़ोसियों के खिलाफ समुद्र में एक मजबूत स्थिति देगा। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच यह युद्धपोत भारतीय सेना के सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में कार्य करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच जल-सीमा विवाद और आतंकवादी हमलों के बाद भारत के सैन्य बलों को अपनी शक्ति में वृद्धि की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इस बीच, भारत की नौसेना को आइएनएस तमाल के रूप में एक अत्याधुनिक युद्धपोत मिलने से भारतीय सेना के पास एक प्रभावी हथियार होगा।

## मल्टी-रोल गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'तुशील' की खासियत

आधुनिक मल्टी-रोल स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'आइएनएस तुशील (एफ 70)' को नौ दिसंबर 2024 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। आइएनएस तुशिल दिसंबर में रूस से 12,500 नॉटिकल मील का सफर तय कर भारत पहुंचा था। यह आठ देशों से होकर गुजरा।

भारतीय नौसेना का यह नया युद्धपोत कई उन्नत हथियारों से लैस है। इनमें संयुक्त रूप से विकसित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, उन्नत रेंज के साथ वर्टिकली लॉन्च की जाने वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल हैं। भारतीय नौसेना का यह युद्धपोत मध्यम दूरी की एंटी-एयर और सतह गन से लैस है। इसमें नियंत्रित क्लोज-रेंज रैपिड फायर गन सिस्टम, पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो और रॉकेट व उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और संचार सूट भी हैं। 125 मीटर लंबा, 3,900 टन वजन वाला यह घातक समुद्री जहाज, रूसी और भारतीय अत्याधुनिक तकनीकों और युद्धपोत निर्माण का एक प्रभावशाली मिश्रण है। सबसे अधिक तकनीकी उन्नत वाला यह फ्रिगेट 'आइएनएस तुशील' भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान के अंतर्गत भारतीय नौसेना के 'स्वॉर्ड आर्म', पश्चिमी बेड़े में शामिल है। आइएनएस तुशील परियोजना 1,135.6 का एक उन्नत क्रिवाक-3 श्रेणी का फ्रिगेट है। इनमें से छह युद्धपोत पहले से ही सेवा में हैं। इन छह युद्धपोतों में से तीन तलवार श्रेणी के जहाजों का निर्माण सेंट पीटर्सबर्ग के बाल्टिस्की शिपयार्ड में हुआ हैं।




क्रिवाक-3 कैटेगरी के इस जहाजों का निर्माण रूस के कलिनिनग्राद के यंतर शिपयार्ड में हुआ है। यह जहाज अत्याधुनिक नियंत्रण वाले उन्नत गैस टरबाइन संयंत्र द्वारा संचालित है। आइएनएस तुशील 30 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम है। उच्च स्तर की स्वचालन जैसी विशेषताएं इसकी युद्ध क्षमता को और बढ़ाती हैं।

# सायरन की गूंज और ब्लैकआउट...

## 1971 की जंग से पहले भी हुई थी मॉक ड्रिल


एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बॉर्डर पर तनाव बढ़ गया है। देशभर में 7 मई को युद्ध जैसी स्थिति के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन होने जा रहा है। इस ड्रिल का मकसद नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करना है।

इस मौके पर 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध की यादें भी ताजा गयी हैं, जब सायरन की आवाज के साथ बॉर्डर के आसपास के गांव में रहने वाले लोग युद्ध की तैयारियों में जुट जाते थे। उस दौर में सायरन बजते ही लोग घरों की बत्तियां बुझा कर खाइयों में छिप जाते थे। 1971 के युद्ध के समय की तैयारियों को उन लोगों की जुबानी समझते हैं, जिन्होंने इसे जिया है।

### सायरन की आवाज युद्ध की आहट

1971 के युद्ध के दौरान सायरन युद्ध की शुरूआत का संकेत होता था. ग्रामीण सुमेर सिंह बताते हैं, 'सायरन धीरे-धीरे बजना शुरू होता था, जिससे हमें तैयारी का वक्त मिल जाता था. रेडियो के जरिए पहले ही सूचना मिल जाती थी कि जब तक युद्ध चल रहा है, ब्लैकआउट रहेगा।' सायरन की आवाज सुनते ही लोग सतर्क हो जाते थे और किसी भी वक्त हमले की आशंका को देखते हुए तैयारियां शुरू कर देते थे। सायरन रात में भी बजता था, जिससे नागरिकों को तुरंत फैसले लेने पड़ते थे।



### ब्लैकआउट का सख्त नियम

युद्ध के दौरान दुश्मन के हवाई हमलों से बचने के लिए ब्लैकआउट का पालन अनिवार्य था। सुमेर सिंह के अनुसार गांव में कोई रोशनी नहीं की जाती थी। चूल्हा जलाना भी मना था। अगर चूल्हा जलाना पड़ता, तो खिड़कियों पर कागज या पर्दे लगा दिये जाते, ताकि रोशनी बाहर न जाये। यह ब्लैकआउट कई दिनों तक चलता था और रेडियो के जरिए सूचनाएं दी जाती थीं। व्यावसायी गोविंद शर्मा बताते हैं कि सेना ने पहले ही हिदायत दे दी थी कि सायरन बजते ही लाइट बंद कर देनी है। हम खिड़कियों पर कागज चिपका देते थे, ताकि रोशनी न दिखे।

### खाइयों में सुरक्षा की तलाश

युद्ध के समय नागरिकों की सुरक्षा के लिए खाइयां खोदी जाती थीं। गोविंद शर्मा याद करते हैं कि हमने अपने घरों के आसपास खाइयां खोद रखी थीं। सायरन बजते ही आसपास के लोग एक साथ खाइयों में भाग कर छिप जाते थे। रात में सायरन बजने पर भी हम लाइट नहीं जलाते थे और तुरंत खाई में चले जाते थे। ये खाइयां हवाई हमलों से बचने का सबसे सुरक्षित तरीका थीं, और सेना की सलाह पर लोग इसे गंभीरता से मानते थे।

### नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

**सेना का रोल युद्ध की तैयारियों में अहम था। कैप्टन भंवर सिंह राठौड़, जो 1965 औप 1971 के युद्ध में हिस्सा ले चुके हैं, बताते हैं कि हमें पहले बॉर्डर पर भेजा जाता था, ताकि इलाके को समझ सकें। हम गांव वालों को बताते थे कि युद्ध की परिस्थितियों में क्या करना है। सेना बॉर्डर के पास पहुंच कर स्थिति का जायजा लेती थी और नागरिकों को पीछे हटने की सलाह देती थी। कैप्टन राठौड़ कहते हैं कि हम सभी सिविलियन्स को पहले सूचित करते थे कि पीछे हट जायें, ताकि जान-माल का नुकसान न हो।**

### रेडियो: सूचना का एकमात्र जरिया

उस दौर में रेडियो सूचना का सबसे विश्वसनीय साधन था। सुमेर सिंह बताते हैं कि रेडियो के जरिए ब्लैकआउट और युद्ध की खबरें मिलती थीं। जब तक युद्ध चलता, ब्लैकआउट की सूचना रेडियो से ही मिलती थी। सायरन के साथ-साथ रेडियो के जरिए दी जाने वाली सूचनाएं नागरिकों को समय पर सतर्क करती थीं। यह सुनिश्चित करता था कि लोग युद्ध की गंभीरता को समझें और नियमों का पालन करें।

### आज की मॉक ड्रिल अतीत से सबक

7 मई 2025 को होने वाली मॉक ड्रिल 1965 और 1971 के युद्धों के अनुभवों से प्रेरित है। उस समय सायरन, ब्लैकआउट और खाइयों ने लोगों की जान बचायी थी। आज का यह अभ्यास नागरिकों को आपातकाल के लिए तैयार करने का प्रयास है, ताकि वे ऐसी परिस्थितियों में सही कदम उठा सकें। 1971 के युद्ध के अनुभव बताते हैं कि सेना और नागरिकों का तालमेल ही युद्ध के समय सुरक्षा की कुंजी है।

### 1971 की जंग में पाक को धूल चटा चुके रिटायर कैप्टन अमरजीत ने लिखा आर्मी चीफ को पत्र

# एक बार फिर देश की सेवा के लिए तैयार हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इसी बीच 75 वर्षीय सेवानिवृत्त कैप्टन अमरजीत कुमार ने कहा कि वह एक बार फिर देश की सेवा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एक सैनिक से युद्ध को अलग नहीं किया जा सकता। पहलगाम में हुए आतंकी हमले बाद कैप्टन अमरजीत कुमार ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को पत्र लिखकर वॉलंटियर के रूप में सेना में दोबारा शामिल होने की इच्छा जतायी है।

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग ले चुके कैप्टन (सेवानिवृत्त) अमरजीत कुमार ने अपने पत्र में लिखा है कि वे देश में कहीं भी तैनाती के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपने सैन्य सेवाकाल के दौरान बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के तहत नवंबर 1971 में 'जेसोर' के पास 'गरीबपुर की लड़ाई' में अपनी भागीदारी को याद करते हुए कहा कि वह युद्ध उस समय की निर्णायक लड़ाइयों में एक था। कैप्टन अमरजीत कुमार ने लिखा कि मैं भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनने को अपना सौभाग्य मानता हूं। मौजूदा हालात को देखते हुए यह युद्ध निर्णायक हो सकता है, सेना को अनुभवी और प्रशिक्षित जनशक्ति की आवश्यकता हो सकती है और मैं आगे बढ़ने को तैयार हूं।



**240 पूर्व सैनिक भी देश सेवा में फिर लौटने को तत्पर :** कैप्टन कुमार ने बताया कि भले ही वे 75 वर्ष के हो चुके हों, लेकिन आज भी शारीरिक रूप से फिट हैं और मानसिक रूप से सक्रिय हैं। उनके ही बैच के 240 अन्य पूर्व सैनिक भी देश की सेवा में फिर से लौटने को तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि एक सच्चा सैनिक कभी रिटायर नहीं होता, यह जज्बा जीवन भर हमारे भीतर जीवित रहता है।

**किसी भी तरह के वेतन या लाभ की अपेक्षा नहीं :** कैप्टन अमरजीत कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल योगदान देना है, और वे किसी भी तरह के वेतन या लाभ की अपेक्षा नहीं रखते। उन्होंने सेना प्रमुख से आग्रह किया कि वे उनके जैसे स्वयंसेवकों को एक मौका दें। उन्होंने यह भी जोड़ा कि संकट की घड़ी में कई अन्य पूर्व सैनिक भी राष्ट्र की पुकार पर आगे आने के लिए तैयार हैं।

**नागरिकों को भी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाये :** कैप्टन अमरजीत कुमार ने नागरिकों को भी सैन्य प्रशिक्षण देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि हम 140 करोड़ की आबादी वाला देश हैं, यदि 100 करोड़ लोगों को बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाये, तो कोई भी देश हमसे युद्ध नहीं लड़ सकता। उन्होंने कही कि पाकिस्तान के आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर टारगेट अटैक की जरूरत है।

# रांची में शाम 4 से 7 बजे तक होगी मॉक ड्रिल, बंद रखें घरों की बत्ती : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर रांची डीसी और एसएसपी चंदन सिन्हा ने मीडिया को मॉक ड्रिल के बारे में जानकारी दी। मौके पर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया रांची में सात मई को डोरंडा इलाके में मॉक ड्रिल की जायेगी। जो तीन घंटे का होगा। मॉक ड्रिल के दौरान डोरंडा क्षेत्र में ट्रैफिक के लिए वैकल्पिक मार्ग की भी व्यवस्था की गयी है। शाम चार बजे से सात बजे तक मॉक ड्रिल होगी। आम लोगों से अपील की जायेगी कि इस दौरान वह अपने घरों की लाइट पूरी तरीके से बंद रखें। यह पूरी तरीके से सिविल डिफेंस और जिला प्रशासन के नेतृत्व में मॉक ड्रिल किया जायेगा। वहीं एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि यह मॉक ड्रिल सिर्फ रिहर्सल है। लोगों को पैनिक होने की कोई जरूरत नहीं है। आम लोगों से सहयोग की अपेक्षा की जायेगी कि वह प्रशासन के द्वारा दिये गये निर्देश का पालन करें। अगर भविष्य में अगर किसी प्रकार की युद्ध की स्थिति का सामना देश को करना पड़े तो यह स्थिति में इन सभी चीजों का उपयोग किया जा सके।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.3 °c | 21.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.19 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.12 बजे |



### संविधान बचाओ रैली में यह क्या बोल गये कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# पीएम के पास हमले का इनपुट था : खड़गे

## ■ 3 दिन पहले रिपोर्ट मिली, प्रधानमंत्री मोदी ने दौरा रद्द किया

## ■ पहलगाम में पीएम ने आम लोगों के लिए व्यवस्था नहीं की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के रांची में मंगलवार को कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा- 'मुझे पता चला है और एक अखबार में भी मैंने पढ़ा है कि 22 अप्रैल के आतंकी हमले के 3 दिन पहले पीएम मोदी के पास इंटेलिजेंस का इनपुट था। इसलिए उन्होंने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया, लेकिन आम लोगों की सुरक्षा के लिए व्यवस्था नहीं की।' '26 बेगुनाह लोग मारे गये और सरकार ने माना इंटेलिजेंस फैलियर है और उसको वे सुधारेंगे। अगर उन्हें यह पता है, तो उन्होंने अच्छी व्यवस्था क्यों नहीं की।

### झारखंड सीएम का नाम भूल गये खड़गे

विधानसभा मैदान में सभा को संबोधित करते हुए खड़गे झारखंड सीएम का नाम भूल गये। मंच पर उनके पीछे खड़े शख्स से उन्होंने मुख्यमंत्री का नाम को पूछा, लेकिन फिर लिया नहीं।

उन्होंने कहा '11 साल से केंद्र में मोदी की सरकार है, वो कहती है सारे राज्य एक हैं, लेकिन इसी सरकार ने हमारे झारखंड के मुख्यमंत्री को जेल भेजा और हंस रही थी। ये नहीं चलेगा।' 'मोदी साहब आदिवासी-गरीबों को जेल में डालकर डराओ मत, वो डरने वाले नहीं। हमें तो तुम्हारी चिंता है, क्योंकि सुविधा तो आपको चाहिए। हमारे लोग मेहनत मजदूरी कर के जीने वाले लोग हैं।'

### मोदी की पॉलिसी है पब्लिक सेक्टर बंद करो

खड़गे ने कहा- 'मोदी जी की पॉलिसी है कि पब्लिक सेक्टर बंद करो और पिछड़े वर्ग के लोगों की नौकरी छीन लो। इतनी वैकेंसी है, लेकिन सरकार नहीं भर रही, क्योंकि वो गरीबों को तंग करना चाहते हैं।' 'अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी होगी। अगर हम एक होकर नहीं लड़ेंगे और संविधान की रक्षा नहीं करेंगे तो हमारे दिन खराब हो जायेंगे। मैंने पीएम मोदी को लेटर लिखा कि 50 प्रतिशत आरक्षण हटाओ।' 'आज जल्द से जल्द अच्छे कानून को राज्यपाल को मंजूरी देनी चाहिए। अगर आज आप लोगों की मांग को इज्जत नहीं देंगे तो कल आपको पछताना होगा। इस रैली में मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ केसी वेणुगोपाल, भूपेश बघेल, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू शामिल थे।

### अलजजीरा पढ़ना छोड़ दें कांग्रेस नेता

# पाकिस्तान की भाषा बोल रहे खड़गे : बाबूलाल

## खड़गे का बयान देश की सेना और सुरक्षाबलों का मनोबल गिराने वाला

● संविधान बचाओ के नाम पर कांग्रेस देश में फैला रही भ्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि आखिरकार आज समझ आ ही गया कि संविधान बचाओ की आड़ में कांग्रेस वास्तव में करना क्या चाहती है। इस मौकापरस्त पार्टी को देश में हुए आतंकी हमले का भी राजनीतिक लाभ उठाना है। सर्वदलीय बैठक के बाद इनके नेता सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि वे केंद्र सरकार के हर फैसले में साथ हैं, और पीठ पीछे 'संविधान बचाओ रैली' कर पूरे देश में भ्रम फैला रहे हैं। कहा जिस समय पूरे देश को एकजुट रहने की जरूरत है, उस समय कांग्रेस झूठ और अफवाह फैलाकर देश के भीतर दरार पैदा कर रही है। अगर यह देशद्रोह नहीं है, तो क्या है? यह संविधान और देश की जनता के साथ सीधा धोखा है। कहा कि मंगलवार को रांची में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर अनर्गल और आधारहीन आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को तीन दिन पहले से हमले की जानकारी थी, और उन्हें इंटेलिजेंस रिपोर्ट पहले ही मिल गयी थी। शायद कांग्रेस के समय में सिस्टम ऐसे ही काम करता होगा तभी ऐसी घटनाएं आम थीं। कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तो दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, वाराणसी समेत पूरा देश सीरियल बम धमाकों से सिहर उठता था। 26/11 जैसे हमलों को अंजाम देकर आतंकी खुलेआम मौत का नंगा नाच करते थे। यहां तक कि कांग्रेस की सरकार में पाकिस्तानी हमारे सैनिकों का सिर काटकर ले जाते थे। लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मार रहे हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना के शौर्य और पराक्रम का साक्षात उदाहरण हैं। कहा कि खड़गे जी वरिष्ठ और सम्माननीय नेता हैं, लेकिन जब वे भी कांग्रेस की इस ओछी राजनीति का हिस्सा बन रहे हैं, तो उन्हें यह साबित करना होगा कि आखिर उन्होंने यह खबर किस अखबार में पढ़ी और किन 'सूत्रों' की बात कर रहे हैं। अगर वे इसे साबित नहीं कर सकते, तो उन्हें केंद्र सरकार और देश की जनता से अपनी इस शर्मनाक बयानबाजी के लिए माफी मांगनी होगी। कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऐसे समय में जब पूरी दुनिया व्यथित है, तब खड़गे का गैर जिम्मेदाराना बयान सेना और सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल तोड़ने और एक तरह से पाकिस्तान को मदद करने वाला प्रयास कहा जायेगा। अंत में कहा कि कांग्रेस के नेताओं से एक नम्र निवेदन–अल जजीरा पढ़ना छोड़ दें।

# संविधान की धज्जियां उड़ाने वाले संविधान बचाने निकले हैं : रघुवर



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित की जा रही 'संविधान बचाओ रैली' पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रघुवर दास ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस पार्टी ने दशकों तक सत्ता में रहकर संविधान की धज्जियां उड़ाईं, आज वही संविधान बचाने की बात कर रही है, जो हास्यास्पद है।

मंगलवार को जमशेदपुर के एग्रिको स्थित आवासी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में रघुवर दास ने कहा, कांग्रेस को संविधान पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। आजाद भारत में 50-60 वर्षों के शासन के दौरान कांग्रेस ने संविधान को ताक पर रख दिया। 1975 में आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने संविधान को संशोधित कर पूरे देश को नजरबंद कर दिया था। अब वही कांग्रेस संविधान के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेक रही है। उन्होंने कांग्रेस गठबंधन के एक मंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा, जब कांग्रेस गठबंधन का मंत्री कहता है कि उसके लिए शरियत पहले है और संविधान बाद में, तो कांग्रेस की असलियत उजागर हो जाती है। फिर भी कांग्रेस 'संविधान बचाओ अभियान' चला रही है, जो जनता को भ्रमित करने की कोशिश है। पूर्व मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि जनता अब कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र को भली-भांति समझ चुकी है और आने वाले दिनों में न केवल झारखंड, बल्कि पूरा देश 'कांग्रेस मुक्त' होगा।

# झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का गठन, सीएम होंगे कुलाधिपति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम 2023 को लागू कर दिया गया है। विधानसभा से इसे पारित कराते हुए राज्यपाल की मंजूरी भी ली गयी है। विधि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इस विशविद्यालय के कुलाधिपति राज्य के मुख्यमंत्री होंगे। कुलाधिपति जब उपस्थित होंगे तो दीक्षांत समारोह, शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्हें यह अधिकार होगा कि विवि के कार्यालयों, कॉलेजों इत्यादि पर अपना निर्देश दे सकें। इसके अलावा भी कई अधिकार होंगे। इसमें कुलपति, रजिस्टार, डीन, परीक्षा नियंत्रक, डीन छात्र क्लयाण, संपदा अधिकारी एफओ सहित कई पद सृजित किये जायेंगे। यूनिवर्सिटी लिंग, वर्ग या पंथ का ध्यान न रखते हुए सभी व्यक्तियों के लिए खुला रहेगा। अधिनियम में यूनिवर्सिटी के अधिकार, प्रशासनिक नियंत्रण, पठन-पाठन, टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टॉफ के बारे में विस्तृत व्याख्या की गयी है। विज्ञान विवि मुख्य रूप से ज्ञान के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा देने, उत्क्रमित करने, प्रशिक्षण एवं शोध को विकसित एवं समुंत करने के लिए प्रावधान करना, पद सृजन सहित, कार्रवाई का भी अधिकार दिया गया है। इसके अलावा आधुनिक विषय और समाज की बदलती आवश्यकताओं की अनुक्रिया में स्वास्थ्य विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में पेशेवर शिक्षा विकसित करना। शिक्षण अनुसंधान और विस्तार को पेशेवर करना, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कराने सहित अन्य कार्य हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विज्ञान के सभी संकायों जिनमें आधुनिक चिकित्सा प्रणाली, दंत चिकित्सा उपचर्या औषधि विभिन्न आयुवैर्दिक विधाएं, चिकित्सा प्रयोगशाल, यूनानी, हौम्योपैथी चिकित्सा में प्रबंधन, एकरूपता लाने सहित अन्य कार्य किये जायेंगे। इन सारे कॉलेज को इसी विवि के अधीन किया जायेगा। इनमें बेहतर मानव संसाधन, स्वास्थ्य संरचना विकसित करना भी मुख्य कार्य होगा। इस विवि का मुख्यालय राज्य सरकार निर्धारित करेगी।

# झारखंड में सरना धर्म कोड के बिना नहीं होगी जातीय जनगणना : विनोद पांडेय

## ■ झामुमो ने विरोध का किया एलान, 9 मई को सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र की मोदी सरकार ने जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद से राजनीति शुरू हो गयी है। झारखंड के प्रमुख सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दो टूक कह दिया है कि सरना धर्म कोड को लागू किये बिना राज्य में जातिगत जनगणना नहीं होने दी जायेगी।

झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने इस बाबत पत्र भी जारी कर दिया है। पार्टी ने सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 9 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन करने की घोषणा कर दी है। पार्टी ने विरोध-प्रदर्शन में सभी केंद्रीय पदाधिकारी, मंत्री, सांसद और विधायकों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी है।

### बिहार में वोट लेने के लिए केंद्र ने लिया निर्णय : मनोज पांडेय



झामुमो ने केंद्र सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया है कि इस फैसले से केंद्र सरकार की आदिवासियों के प्रति मानसिकता झलकती है। इस मसले पर झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने दो टूक कहा है कि राज्य में हम जो चाहेंगे वही होगा। तमाम इंडिया गठबंधन के दबाव में ही केंद्र सरकार ने जातीय गणगणना की बात कही है। झामुमो नेता मनोज पांडेय ने कहा कि बिहार चुनाव को देखते हुए वोट लेने के लिए भाजपा ने जातीय गनगणना की घोषणा की है। इसलिए सरना धर्म कोड के बगैर जातीय आधारित गनगणना नहीं होने दी जायेगी। लिहाजा, सरना धर्म कोड के बिना इस फैसले को लागू नहीं होने दिया जायेगा। इसको चेतावनी कहने पर मनोज पांडेय ने कहा कि हमलोग आंदोलनकारी हैं। इसी भाषा में झारखंड अलग राज्य लिया गया था। इसको देखते हुए रणनीति बनाने का काम शुरू हो गया है। केंद्रीय नेतृत्व के फैसले के तहत आगे का फैसला लिया जायेगा। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि जबतक सरना धर्म कोड को नहीं समाहित नहीं किया जायेगा, तबतक जनगणना अधूरी मानी जायेगी। उन्होंने कहा कि लड़ के लेंगे सरना धर्म कोड। इसको ध्यान में रखते हुए बैठकों का दौर जारी हो रहा है।

# चाइबासा के पटेल बंधुओं पर जीएसटी का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पश्चिम सिंहभूम (चाइबासा) जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति पटेल बंधुओं के खिलाफ में मंगलवार सुबह जीएसटी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। मनोज पटेल और मुन्ना पटेल, जो चाइबासा में राइस मिल और क्रेशर उद्योग से जुड़े प्रमुख व्यवसायी हैं, उनके आवास पर छह सदस्यीय टीम ने अचानक छापा मारा। विभाग ने औद्योगिक लेन-देन और जीएसटी भुगतान में कथित अनियमितताओं को लेकर यह कदम उठाया है। सुबह-सुबह पहुंची टीम ने पटेल बंधुओं के आवास पर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की। उनके व्यवसायिक रिकॉर्ड, जीएसटी रिटर्न, बैंक लेनदेन और टैक्स संबंधी कागजात खंगाले जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह जांच अभी शुरूआती चरण में है और जरूरी साक्ष्य मिलने पर दायरा और बढ़ाया जा सकता है। यह कार्रवाई ऐसे वक्त पर हुई है जब हाल ही में झारखंड खैनी के मालिक नितिन प्रकाश और उनके सहयोगियों पर भी जीएसटी विभाग ने छापेमारी की थी। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से जिले के व्यापारिक वर्ग में खलबली मची हुई है। विभाग की सक्रियता से स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि सरकार टैक्स चोरी के मामलों पर सख्ती से पेश आ रही है।

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND
ऑपरेशन अभ्यास
(केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार)
आपातकालीन तैयारी का अभ्यास
सायरन अलर्ट को समझें
(हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का मतलब जानें। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता आपको इसका प्रशिक्षण देंगे)
हवाई हमले से बचाव के तरीके सीखें
(नागरिकों और छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र होंगे। हमले से बचाव के तरीके सीखें)
क्रैश ब्लैकआउट प्रक्रिया का पालन करें
(शहर की बिजली एक साथ बंद हो सकती है ताकि हवाई हमले से बचा जा सके। घबराएं नहीं, यह सुरक्षा के लिए है)
निकासी योजना में सहयोग दें
(आपातकाल में सुरक्षित निकासी के लिए मॉक ड्रिल में हिस्सा लें)
यह अभ्यास झारखण्ड के केवल 5 जिले रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, साहेबगंज और गोड्डा में होगा
ब्लैकआउट के दौरान वैकल्पिक बिजली व्यवस्था, जैसे जनरेटर, इन्वर्टर या टॉर्च आदि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए
ब्लैकआउट के दौरान सभी खिड़कियों को मोटे पर्दे से ढक देना चाहिए
लोगों को मॉक ड्रिल के दौरान अधिकारियों के साथ सहयोग करना चाहिए
जिला प्रशासन आपातकालीन निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ सड़कों को सार्वजनिक उपयोग के लिए बंद कर सकता है
आम जनता से अनुरोध है कि शाम 4 से 7 बजे घरों की बिजली ना जलाएं और गाड़ियों के हेडलाइट बंद रखें
7 मई 2025 को शाम 4 बजे से होने वाले नागरिक सुरक्षा
मॉक ड्रिल में भाग लें
जागरूक रहें, सुरक्षित रहें!
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 351811 (IPRD) 25-26






## सीएम हेमंत सोरेन ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात

# औद्योगिक निवेश के प्रयासों की जानकारी दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाल ही के विदेश भ्रमण के दौरान राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए किये गये प्रयासों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी और विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। उन्होंने भी राज्यपाल से मुलाकात की और अपने विचार साझा किये।

**राज्य के विकास के लिए प्रयास :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को बताया कि उनके विदेश भ्रमण के दौरान राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। इससे राज्य के विकास को गति मिलेगी और नये अवसर पैदा होंगे।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर भाजपा ने किया हमला

# खड़गे के म्यान से खड्ग निकला, वो भी देश के खिलाफ : प्रतुल

**26/11 का मुंबई हमला और इंदिरा गांधी की हत्या देश का सबसे बड़ा इंटेलिजेंस फेल्योर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे ने खड्ग भी निकाला तो वह आम अपेक्षा के प्रतिकूल देश के खिलाफ निकला। लोगों को उम्मीद थी कि पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देंगे। लेकिन वह तो देश के इंटेलिजेंस एजेंसी और प्रधानमंत्री की मंशा पर ही प्रश्न कर गये। प्रतुल ने कहा कि इस समय जब पूरा देश एक स्वर में आतंकी और आतंकियों के आकाओं मिट्टी में मिलाने की मांग कर रहा है। तो उस समय देश के दूसरे सबसे बड़े दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का इस तरह के बयान से देश और विदेश में गलत संकेत जायेगा। प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीयता की राजनीति करती है। इसी सोच का भाजपा विरोध करती है। भाजपा के लिए देश सर्वप्रथम है। उसके बाद ही पार्टी और राजनीति आती है। प्रतुल ने कहा कि उम्मीद थी मल्लिकार्जुन खड़गे इमरजेंसी में किये गये अत्याचारों और 42 वें संविधान संशोधन के लिए सार्वजनिक माफी मांगेंगे। लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। संविधान के हत्या का सबसे बड़ा प्रयास इमरजेंसी के दौरान हुआ था। प्रतुल ने कहा कि आज उम्मीद थी कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलगाम आतंकी हमले के बाद अपनी पार्टी के नेताओं के देश विरोधी बयानों के लिए खेद प्रकट करेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा भी नहीं किया। स्पष्ट है कि मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी एक भाषा बोलते हैं। लेकिन उनके बाकी नेताओं को वोट बैंक और टुष्टिकरण के कारण भारत के खिलाफ बोलने की पूरी छूट दे दी गयी है। प्रतुल ने कहा अभी आदिवासी की बेटी और पिछड़ा का बेटा देश के शीर्ष पदों पर विराजमान है, तो कांग्रेस को इससे मिर्ची लग रही है।

# राज्य के सभी पुराने और जीर्ण-शीर्ण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भवनों का होगा कायाकल्प

## अपर मुख्य सचिव ने रिम्स समेत सभी मेडिकल कॉलेज और सिविल सर्जन को दिये निर्देश

**'कंडेम' घोषित भवन ध्वस्त किये जायेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के प्रसिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय रिम्स के साथ राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों के पुराने और जीर्ण भवनों का कायाकल्प होगा। 'कंडेम' घोषित भवन ध्वस्त होंगे और जिन भवनों में मरम्मती की जरूरत होगी उनकी मरम्मत की जायेगी। अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस संबंध में रिम्स के साथ साथ सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को 3 दिन में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

पत्र के माध्यम से अपर मुख्य सचिव ने रिम्स के साथ साथ सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को निर्देश देते हुए कहा है कि जमशेदपुर जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के साथ भवनों का निरीक्षण करें और जो भवन बिल्कुल क्षतिग्रस्त हैं और कंडेम घोषित करने के सभी मानदंडों को पूरा करते हैं उन्हें कंडेम घोषित करते हुए ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाये। यदि क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मती की आवश्यकता हो तो उसकी मरम्मती की जाये। इसके लिए कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग से प्राक्कलन तैयार कराते हुए मरम्मति की कार्रवाई की जाये। क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत विभिन्न योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन तथा अनुरक्षण योजना और विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत प्राप्त क्लेम की राशि से की जा सकती है। इस निमित्त यदि अतिरिक्त राशि की आवश्यकता हो तो विभाग से इसकी मांग की जाये। अपर मुख्य सचिव ने तीन दिनों के अंदर उक्त निर्देश का अनुपालन करते हुए विभाग को प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

# फ्लॉप रैली देख हेमंत और झामुमो का नाम भूल गये खड़गे : आजसू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने कांग्रेस की रांची में आयोजित 'संविधान बचाओ रैली' को महज एक राजनीतिक नाटक की संज्ञा दी है। आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि कांग्रेस की यह रैली फ्लॉप रही और उसे जनता का समर्थन नहीं मिला। इसी सदमे में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम तक भूल गये और झामुमो को जेजेएम बता दिया। आजसू नेताओं ने कहा कि संविधान की रक्षा का ढोंग रचने वाली कांग्रेस यह भूल रही है कि उसने अपने शासनकाल में संवैधानिक संस्थाओं का सबसे ज्यादा दुरुपयोग किया और अपने स्वार्थ के लिए संविधान का 80 बार संशोधन किया। कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए देश में आपातकाल लगाकर दमन किया। डॉ भगत ने कहा कि कांग्रेस ने झारखंड के आदिवासियों, पिछड़ों, और गरीबों के अधिकारों को लगातार अनदेखा किया। आजसू पार्टी संविधान के मूल्यों में पूर्ण विश्वास रखती है और हम मानते हैं कि संविधान की सच्ची रक्षा तब होगी, जब झारखंड के लोगों को उनका हक, सम्मान, और विकास मिलेगा। प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि कांग्रेस ने दो-दो बार 1963 और 1993 में झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी कर झारखंडियों को हक से वंचित रखा। कांग्रेस की यह रैली संविधान बचाने के नाम पर केवल एक दिखावा है, जिसके पीछे उनका मकसद 2024 के विधानसभा चुनाव की हार को छिपाना और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों पर लोगों को भटकाना है।

# लेवी के लिए नक्सलियों ने की थी मुंशी की हत्या, पांच गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़।** लातेहार जिला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भाकपा माओवादी के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली पिछले दिनों मुंशी की हत्या और गाड़ियों को जलाने की घटना में माओवादी कमांडर कुंदन खरवार के साथ शामिल थे।

गिरफ्तार माओवादी सदस्यों में सत्येंद्र यादव, सूरजभान यादव, कृष्ण यादव, राजेंद्र यादव और प्रसाद यादव शामिल हैं। सभी महुआडांड़ थाना क्षेत्र के निवासी हैं। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने घटना में शामिल रहने की बात स्वीकार की है। दरअसल, बीते 30 अप्रैल की रात को झारखंड और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर स्थित महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसापाट गांव के पास बन रहे सड़क निर्माण कार्य के साइडिंग पर हथियारबंद नक्सलियों ने हमला कर दिया था। नक्सलियों ने यहां दो गाड़ियों में आग लगा दी थी। वहीं, मुंशी मोहम्मद अयूब की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद हिरासत में लिए गये आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान सभी ने स्वीकार किया कि घटना के दौरान वे लोग शामिल थे। गिरफ्तार लोगों की निशानदेही पर पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर लेवी के रूप में वसूले गये 52 हजार रुपये के साथ नक्सलियों का पर्चा भी बरामद किया। मंगलवार को सभी गिरफ्तार नक्सलियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# सिरा सीता सी नाला विकास परियोजना गुमला की सूरत बदल देगी : चमरा लिंडा

**कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिरा सीता सी नाला क्षेत्र की विकास कार्यों का किया निरीक्षण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा मंगलवार को डुमरी प्रखंड स्थित सिरा सीता सी नाला क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण करने गुमला पहुंचे। उन्होंने कहा कि सिरा सीता सी नाला क्षेत्र की यह विकास परियोजना गुमला जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान उन्होंने संबंधित विकास स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर स्थानीय प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री लिंडा ने स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद स्थापित किया और क्षेत्र में प्रस्तावित विकास योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि संबंधी मामलों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि किसी भी ग्रामीण को इन विकास कार्यों से कोई आपत्ति नहीं होगी और मुझे उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। ग्रामीणों ने भी सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने चैनपुर के एसडीओ, बीडीओ और थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## कैबिनेट की बैठक अब 8 मई को

**रांची (आजाद सिपाही)।** 7 मई को होने वाली मंत्रिपरिषद् की बैठक अब 8 मई को अपराह्न तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आह्वान

# मॉक ड्रिल में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभायें, निर्देशों का पालन करें



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 07 मई को देशभर में होने वाले मॉक ड्रिल को लेकर रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ ने देश के नागरिकों और युवाओं से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए, प्रशासन के निर्देशों का पालन का आह्वान किया है। श्री सेठ ने कहा कि मॉक ड्रिल देश की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण क्रियाकलाप है। इसमें हम देश और देश के नागरिकों की सुरक्षा का पूर्वाभ्यास करते हैं, इसलिए गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा पूरे भारत में मॉक ड्रिल का निर्देश जारी किया गया है। पहलगाम की घटना के बाद चल रहे प्रकरण को लेकर यह आवश्यक है कि सभी नागरिक इसके निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

रक्षा राज्य मंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि मॉक ड्रिल न केवल आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करते हैं, बल्कि जागरूकता बढ़ाने का काम करते हैं। मॉक ड्रिल हर जीवन की रक्षा के लिए बेहद अहम है। इसी निमित्त इस अभ्यास का आयोजन गांव स्तर तक करने की योजना बनायी गयी है। इस अभ्यास का उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारी का आकलन करना और उसे बढ़ाना है। इस मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस, वॉलिंटियर्स, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, एनवायकेएस, स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी सहित सभी युवा और जागरूक नागरिक भाग लेंगे।

श्री सेठ ने कहा कि गृह मंत्रालय के निर्देश के आलोक में प्रभावी नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल में सभी शामिल हों। इस महत्वपूर्ण पूर्वाभ्यास के दौरान किये हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन, शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके साथ क्रैश ब्लैक आउट उपायों का प्रावधान, महत्वपूर्ण संयंत्रों को जल्दी छिपाने का प्रावधान और निकासी योजना का अद्यतनीकरण और उसका पूर्वाभ्यास शामिल है।

# टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों ने जीते कई पुरस्कार




**रांची (आजाद सिपाही)।** टेंडर हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने बिशप स्कूल, रांची में आयोजित 10वीं सत्यानंद ओपन योगा चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर टेंडर हार्ट का परचम लहराया। मौके पर आयोजित योग प्रतियोगिता में कक्षा 6 के अभिमन्यु एवं कक्षा 7 के अनुज कुमार मुंडा ने बालक वर्ग में क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान, वहीं कक्षा 7 की आकांक्षा एवं कक्षा 9 की अंशिका ने बालिका वर्ग में क्रमशः द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर इसी मौके पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भी छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा खूब चमकी। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 8 के ऋषव कुमार सिन्हा, कक्षा 11 की रोशिनी कुमारी एवं अनिकेत कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर तीनों स्थानों पर कब्जा जमाया। टेंडर हार्ट के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष जताया। प्राचार्या उषा किरण झा, निदेशक जे मोहंती एवं उप प्राचार्या शिवांगी शुक्ला समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### ओलंपियाड में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। ओलंपियाड परीक्षा विद्यार्थी की वास्तविक क्षमता और योग्यता का परिचय देती है। इस परीक्षा में प्रतिभागी अपने शैक्षणिक कौशल को विकसित करके बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस प्रकार की परीक्षाएं विभिन्न विषयों के वैचारिक ज्ञान का परीक्षण करने का आदशी तरीका है। शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्र इस प्रकार की परीक्षाओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते रहे हैं जो विद्यालय के षिक्षण पद्धति को एवं उचित निर्देषन को दर्शाता है। निम्नलिखित विषयों पर आयोजित ओलंपियाड एवं विजेता - 1.इंटर नेशनल सोशल स्टडीज - चार छात्रों को गोल्ड मेडल्स ऑफ डिस्टिंकशन। 6 छात्रों को गोल्ड मेडल्स ऑफ एक्सीलेंस। 2. इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड - चार छात्रों को गोल्ड मेडल्स ऑफ डिस्टिंशन। 26 छात्रों को गोल्ड मेडल्स ऑफ एक्सीलेंस। 3.इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड- 4 छात्रों को गोल्ड मेडल्स ऑफ डिस्टिंशन। 35 छात्रों को गोल्ड एक्सीलेंस। 4.इंटर नेशनल कंप्यूटर साइंस ओलंपियाड - 9 छात्रों को गोल्ड मेडल्स ऑफ डिस्टिंशन, 7 छात्रों को गोल्ड मेडल्स ऑफ एक्सीलेंस। छात्रों की सफलता पर विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने हर्ष जताया।

### बिरला हनुमान मंदिर में भव्य भंडारा कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बरियातू स्थित बिरला हनुमान मंदिर में मंगलवार को एक भव्य भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कथावाचिका रश्मि मिश्रा ने भागवत कथा का प्रवचन दिया। लगभग 30 वर्षों के कठिन परिश्रम और निष्ठा के बाद यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें लगभग 50,000 लोगों के शामिल होने की संभावना है। यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चला और समाजसेवी और स्थानीय नेताओं ने इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाजसेवी और टीएमसी नेता दयानंद प्रसाद सिंह सहित कई प्रमुख व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर रमाकांत शर्मा, मुन्ना जी, संजीत सिंह, मनजीत सिंह, ओम पांडेय, अजय मिश्रा, मधुसुदंडर प्रसाद, बिजेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, आलोक कुमार आदि उपस्थित थे।

## शहर में खराब सड़कों की सुनवाई पर हाइकोर्ट ने पूछा-फंड क्यों नहीं दे रहे

# सड़कों की मरम्मत को लेकर सरकार के दावे पर हाइकोर्ट ने डालसा से मांगी रिपोर्ट




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में राजधानी रांची की सहायक सड़कों की मरम्मत को लेकर दाखिल शुभम कटारुका की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने कोर्ट को बताया कि राजधानी रांची में राज्य सरकार के अधीन वाली लेक रोड, हजारीबाग रोड (लालपुर -कोकर रोड), डांगरा टोली पीस रोड जंक्शन, डोरंडा स्थित पुराने हाइकोर्ट के बिल्डिंग के पीछे की सड़क, मोराबादी टैगोर हिल रोड, सेवा सदन पथ की रखरखाव एवं मरम्मति काम सरकार लगातार कर रही है। यह सभी सड़क अच्छी स्थिति में हैं। प्रार्थी शुभम कटारुका ने इसका विरोध करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बतायी गयी इन सड़कों की स्थिति आज भी बदतर स्थिति में है। इन सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, हल्के वाहन अक्सर इन सड़कों पर पलट जाते हैं। टू व्हीलर वाहन की दुर्घटना की घटना अक्सर इन सड़कों पर देखी जाती है।

कोर्ट में प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी( डालसा) रांची को सरकार द्वारा बतायी गयी इन सड़कों का सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता से यह भी पूछा कि रांची नगर निगम की ओर से कुछ सड़कों लालजी हिरजी रोड, विष्णु टॉकीज लेन, मधुकम रोड और माउंट मोटर रोड की मरम्मत के लिए 25 सितंबर 2024 एवं 6 मार्च 2025 को नगर विकास विभाग से पत्राचार के माध्यम से फंड मांगा था, यह फंड उन्हें अबतक क्यों नहीं दिया गया है? अगली सुनवाई 12 जून को होगी। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता शुभम कटारूका की ओर से अदालत को बताया गया था कि रांची की मुख्य सड़कों को छोड़कर सभी सहायक सड़कों की हालत खराब है। खासकर बड़ा तालाब के चारों ओर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इस रूट से मरीज को लेकर एंबुलेंस को आने में काफी परेशानी होती है। इसी तरह रांची में लेक रोड, लालजी हीरजी रोड, लालपुर-कोकर रोड, डांगरा टोली पीस रोड जंक्शन, डोरंडा स्थित पुराने हाइकोर्ट के बिल्डिंग के पीछे की सड़क, मधुकम रोड, सेवा सदन पथ, मोराबादी टैगोर हिल रोड, इंद्रपुरी रोड, अपर बाजार रोड बदहाल स्थिति में हैं, जिसे दुरुस्त करने की जरूरत है।







# कैथोलिक आदिवासी जैसे शब्द से गुमराह करने की साजिश : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि इसाई धर्म में मतांतरण कर चुके कुछ लोग 'कैथौलिक आदिवासी' जैसे भ्रामक शब्दों का इस्तेमाल कर आदिवासी समाज को गुमराह करने की साजिश रच रहे हैं।

पैसों और राजनीतिक स्वार्थ के लालच में मतांतरण कर इसाई बन चुके ये लोग सिर्फ आरक्षण का अनुचित लाभ उठाने के लिए खुद को आदिवासी बता रहे हैं। आदिवासी समाज को मिटाने का षड्यंत्र कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि कैथौलिक समुदाय ये स्पष्ट सुन लें कि उन्हें अपने धर्म का पालन करने की पूरी स्वतंत्रता है। लेकिन यदि लोभ, लालच, भय और साजिश के तहत आदिवासी समाज को मिटाने का षड्यंत्र किया गया, तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आदिवासी समाज चर्च के फरमानों से नहीं



चलेगा, बल्कि यह अपनी दिशा सनातन आस्था और सरना स्थल, मांझी थान और जाहेर थान जैसे पारंपरिक श्रद्धा केंद्रों से तय करेगा।

**प्रशासन से आग्रह, कार्रवाई सुनिश्चित करें :** झारखंड में अब जल्द ही आदिवासी समाज को संगठित कर विदेशी साजिशों को नाकाम करने का आंदोलन प्रारंभ किया जायेगा, ताकि अपनी सांस्कृतिक पहचान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जा सके। साथ ही प्रशासन से भी अनुरोध है कि उक्त मामले का संज्ञान लेकर संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक कारवाई सुनिश्चित करें।

# अब भारत के हक का पानी भारत में ही रहेगा: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारत मंडपम में आयोजित न्यूज की समिट में कहा, 'दशकों तक हमारी नदियों का पानी झगड़े का मुद्दा रहा। हमारी सरकार ने नदियों को जोड़ने का बड़ा फैसला किया है। आजकल मीडिया में पानी को लेकर बहुत बातें चल रही हैं।'

उन्होंने कहा कि पहले भारत के हक का पानी भी बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा, हक में रुकेगा और भारत के ही काम आयेगा। पीएम ने यह बात सिंधु जल समझौते के संदर्भ में कही। दरअसल, पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। भारत ने सिंधु जल समझौते को खत्म करने के अलावा कई सख्त फैसले लिये हैं।



**बैंकिंग सिस्टम मजबूत किया, एअर इंडिया को बचाया:** 2014 से पहले हमारे बैंक बर्बाद होने की कगार पर थे। आज भारत का बैंकिंग सेक्टर दुनिया के सबसे मजबूत सिस्टम में से एक है। रिकॉर्ड फायदे में है। जमा करने वालों को इसका फायदा है। हमारी सरकार ने बैंकिंग में रिफॉर्म किए। छोटी बैंक को मर्जर किया। एअर इंडिया डूब रही थी। देश के हजारों करोड़ रुपए डूब रहे थे। हमारी सरकारी ने एअर इंडिया को बचाया। हमारे लिए देश सर्वोपरि है।

**आपका पैसा बचा, गाली मोदी ने खाई:** हमारे पूर्व पीएम ने माना था अगर सरकार 1 रुपया गरीब को भेजती है, तो 85 पैसा लुट जाता है। सरकारें बदलती रहीं, लेकिन गरीब की दिशा में ठोस काम नहीं हुआ। हमारी सरकार ने तय किया कि 1 रुपया पूरा गरीबों को मिले। इसके लिए डायरेक्टर अकाउंट में भेजा। 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी ऐसे थे जिनका कभी जन्म तक नहीं हुआ था। पहले वाले यही सिस्टम बना कर गए थे। हमारी सरकार ने इन 10 करोड़ फर्जी नामों को हटाया। डीबीटी के जरिए पूरा पैसा गरीबों के बैंक खातों में भेजा। इससे साढ़े 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पैसा गलत हाथों में जाने से बचा है। मतलब आपका पैसा बचाया है। पैसा आपका बचा, गाली मोदी ने खाई।

**वन रैंक वन पेंशन दी:** वन रैंक वन पेंशन का मामला दशकों से लटका हुआ था। तर्क था कि इससे सरकारी खजाने पर बोझ पड़ेगा। हमारी सरकार ने जीवन खपाने वालों के हित को सर्वोपरि रखा। अब तक हमारी सरकार सवा लाख करोड़ रुपये से ज्यादा वन रैंक वन पेंशन में दे चुकी है।

**ट्रिपल तलाक और वक्फ का कानून बनाया:** ट्रिपल तलाक के मामले पर बात नहीं की जाती थी। मुस्लिम परिवारों, महिलाओं के हित में ट्रिपल तलाक का कानून बनाया। वक्फ कानून में बदलाव की मांग दशकों से की जा रही थी। इसमें जरूरी बदलाव किए गए। इससे गरीब मुस्लिमों, परमांदा मुस्लिमों को फायदा मिलेगा।

**इंडिया-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ:** इंडिया-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट फाइनल हो चुका है। विश्व की दो बड़ी ओपन मार्केट इकोनॉमी के बीच दोनों देशों के विकास में नया अध्याय जुड़ेगा। इससे भारत में इकोनॉमिक एक्टिविटी को बूस्ट मिलेगा। कुछ समय पहले हमने यूएइ, मॉरीशस के साथ ट्रेड साइन किये। भारत आज रिफॉर्म नहीं कर रहा, बल्कि दुनिया के साथ एक्टिवली एंगेज करके हब बना रहा है।

**हमारी एक ही पॉलिसी, नेशन फर्स्ट :** देश का हित सर्वोपरि रखा जाए, ये जरूरी है। देश के सामर्थ्य पर भरोसा किया जाए, लेकिन दशकों से देश में विपरीत धारा बही, इसका देश ने बहुत नुकसान उठाया। पहले कोई भी बड़ा कदम उठाने के पहले ये सोचा जाता था कि दुनिया क्या सोचेगी। वोट मिलेगा या नहीं मिलेगा, कुर्सी मिलेगी या नहीं, वोट बैंक छिटकेगा तो नहीं। अलग-अलग स्वार्थ के कारण बड़े फैसले टलते ही जा रहे थे। कोई भी देश ऐसे आगे नहीं बढ़ता है। देश तब आगे बढ़ता है जब एक पॉलिसी हो, नेशन फर्स्ट, राष्ट्र प्रथम। बीते एक दशक में इसी नीति को लेकर भारत आगे बढ़ रहा है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रांची रेल मंडल में भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रशिक्षण शिविर शुरू



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय रेलवे एवं रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड द्वारा महिला हॉकी खिलाड़ियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रांची मंडल के हटिया स्थित सेरसा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है। 05 मई से 03 जून 2025 तक चलने वाले इस शिविर का विधिवत शुभारंभ बुधवार को रांची मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी शुचि सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से भेंट की और उनका उत्साहवर्धन किया। शिविर में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियों सहित भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनों से चयनित कुल 66 महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। शिविर में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सम्मिलित हैं, जिनमें दक्षिण पूर्व रेलवे से सलीमा टेटे, निक्की प्रधान एवं संगीता कुमारी; सेंट्रल रेलवे से प्रीति दुबे, मोनिका और सुशीला चानू; तथा पश्चिम रेलवे से नवनीत कौर एवं अन्य खिलाड़ी प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा, सुरेश बाबू, आरएल रॉलटे और सुमन बालों द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। शिविर के प्रबंधक का दायित्व सेरसा रांची के सचिव ओम प्रकाश ठाकुर को सौंपा गया है।

### सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी कोकर में फ्रूट्स डे मना




रांची (आजाद सिपाही)। सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी कोकर में मंगलवार को फ्रूट्स डे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों में स्वस्थ खानपान की आदतों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया गया था। इस विशेष दिन पर बच्चों ने कई मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें फल-सलाद बनाना, फल-थीम पर आधारित कविताएं और गीत शामिल थे। बच्चों ने रचनात्मकता और उत्साह के साथ भाग लेकर दिन को रंग-बिरंगा बना दिया। शिक्षकों ने फलों को दैनिक आहार में शामिल करने के महत्व को सरल और प्रभावशाली ढंग से समझाया। प्रिंसिपल रत्नम होरो ने बच्चों को यह बताया कि फल शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाये रखने में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को खुशियां दीं, बल्कि उन्हें पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम का समापन मुस्कुराते चेहरों के साथ हुआ।

### शिक्षा जागरूकता अभियान रथ रवाना



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड संसाधन केंद्र तमाड़ ( बीआरसी) प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय तमाड़, राजकीयकृत मध्य विद्यालय दिउड़ी, अनुसूचित जनजाति बालिका उच्च विद्यालय तमाड़, केजीबीवी तमाड़ से शिक्षा अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर शिक्षा अभियान रथ को रवाना किया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ ) मुमताज आलम ने बताया कि स्कूल रूआर 2025, बैक टू स्कूल कैंपेन के अंतर्गत 10 मई तक चलनेवाला नामांकन अभियान के तहत शिक्षा अभियान रथ का शुभारंभ किया गया है। बताया कि यह रथ तमाड़ प्रखंड के गांव-गांव में जाकर अभिभावकों को अभियान की जानकारी देगा। विद्यालय से बाहर बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित करेगा। कहा कि स्कूल रूआर का उद्देश्य ड्रॉपआउट व अनामांकित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। रथ टोलों में जाकर नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को जागरूक करेगा। साथ ही सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया। मौके पर प्रखंड संसाधन केंद्र तमाड़ कार्यालय से लेखपाल पदाधिकारी विलकन हंस, अनिमेष हर्षित, कंचन कुमारी सुमित कुमार, सविता दास, सोनाराम मुंडा सीता देवी, आनंद महतो, संतोष कुमार महतो शिक्षक धानेश्वर प्रामाणिक, रीता कुमारी बड़ाइक, अर्जुन महतो, ओमप्रकाश, दलगोविंद सिंह मुंडा पिनाकी तरणि महतो सत्येंद्र नाथ महतो, रामदयाल महतो, दशरथ ठाकुर, सीताराम महतो कालीपद पुराण और शिक्षक उपस्थित थे।

### एडमिशन में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लागू कर आरक्षण दे सरकार : राजेश गुप्ता




रांची (आजाद सिपाही)। केंद्र और राज्य सरकार निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग को प्रवेश (एडमिशन) में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लागू कर आरक्षण दे। उक्त बातें मंगलवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यालय में अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कहीं। श्री गुप्ता ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार ने 2006 में एससी एसटी ओबीसी वर्ग के छात्रों को निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु 15 (5) के तहत 93वां संशोधन कर किया था, जिसे निजी शिक्षण संचालकों ने लागू न कर इसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय मैं ले गये, जिसका फैसला जनवरी 2014 में पिछड़ा वर्ग के पक्ष में आया। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रधानमंत्री से निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लागू करने की मांग की है। प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, महासचिव रामावतार कश्यप, राम लखन साहू संतोष शर्मा शामिल थे।

# एसबीयू और महिंद्रा यूनिवर्सिटी के बीच हुआ शैक्षणिक करार




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी और महिंद्रा यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के बीच शैक्षणिक करार पर सहमति बनी है। इस आशय से संबंधित एमओयू पर एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक और महिंद्रा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ यजुलु मेदुरी ने हस्ताक्षर किया। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अब शोध, परामर्श, शैक्षणिक और अन्यान्य क्रियाकलापों से संबंधित गतिविधियों का आदान-प्रदान होगा। देश के 10 शीर्ष औद्योगिक घरानों में शामिल महिंद्रा एवं महिंद्रा समूह के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पद्म विभूषण आनंद महिंद्रा द्वारा स्थापित महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने हाल के वर्षों में अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में देश भर में अनूठी पहचान बनायी है। महिंद्रा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस द्वारा वित्त पोषित महिंद्रा यूनिवर्सिटी आइटी कंपनी टेक महिंद्रा की आनुषंगिक इकाई है। इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पायेंगी। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए एमओयू पर हर्ष व्यक्त किया है।

# अभाविप झारखंड के कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सामूहिक रूप से अपने सभी दायित्वों से त्यागपत्र दे दिया। यह निर्णय संगठन में लगातार हो रहे पक्षपात, विचारधारा से भटकाव, जातिवाद और योग्यता की अनदेखी के चलते लिया गया है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि संगठन में चापलूसी करने वालों को



ही अवसर दिए जा रहे हैं, जबकि ईमानदारी और समर्पण के बावजूद मेहनतकश कार्यकर्ताओं को हाशिए पर धकेला जा रहा है। रांची महानगर अंतर्गत डीएसपीएमयू इकाई अध्यक्ष सतीश केशरी, इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के इकाई अध्यक्ष यश चौरसिया, इकाई मंत्री रिया सिंह, उपाध्यक्ष सचिन उपाध्याय, सिद्धांत श्रीवास्तव, रांची महानगर कार्यालय मंत्री प्रियांशु कुमार, महिला महाविद्यालय की कार्यकर्ता रॉली कुमारी, रांची महानगर मीडिया संयोजक सौरव यादव, सोशल मीडिया संयोजक हर्ष केशरी, कुणाल केशरी, रितिक केशरी, अमन साहू, सोनल झा, सौरभ यादव सौम्या, नितीश, सोनू सहित रांची महानगर अंतर्गत महाविद्यालयों के दायित्वपूर्ण कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश कार्यसमिति स्तर के कार्यकर्ताओं नें अभाविप झारखंड के प्रदेश कार्यालय में जाकर अपने-अपने दायित्व से सामूहिक त्यागपत्र दिया।

# योगदा सत्संग कॉलेज में फैकल्टी डेवेलपमेंट प्रोग्राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** योगदा सत्संग कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) और सरदार पटेल विश्वविद्यालय, गुजरात के व्यवसाय प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डेटा विश्लेषण हेतु एसपीएसएस के उपयोग विषय पर आधारित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवेलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और शोधकताओं को डेटा विश्लेषण में दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण की विशेषताएं कार्यक्रम के संसाधन व्यक्ति डॉ हितेश परमार, सहायक प्राध्यापक, व्यवसाय प्रबंधन विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, गुजरात हैं, जिन्हें डेटा विश्लेषण एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में 15 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने 200 से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया है और 10,000 से अधिक प्रतिभागियों को एसपीएसएस, एक्सेल, आर एवं स्मार्ट पीएलएस



जैसे उपकरणों का प्रशिक्षण दिया है। डॉ परमार 35 से अधिक शोधपत्रों के लेखक हैं तथा उन्होंने चार पुस्तकों का सह-लेखन भी किया है। वर्तमान में वे स्टैचू ऑफ यूनिटी की डेस्टिनेशन इमेज पर आधारित परियोजना पर कार्य कर रहे हैं।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों को डेटा के विभिन्न प्रकारों - गुणात्मक एवं मात्रात्मक एवं उनके उपप्रकारों जैसे नाममात्र, क्रमिक, अंतराल एवं अनुपात स्केल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। डॉ परमार ने बताया कि किसी भी शोध में उपयुक्त विश्लेषणात्मक तकनीक के चयन हेतु डेटा की प्रकृति की समझ अत्यंत आवश्यक होती है। इसके पश्चात एसपीएसएस सॉफ्टवेयर में डेटा एंट्री एवं प्रबंधन पर आधारित एक हाथों-हाथ अभ्यास सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने डेटा व्यू एवं वेरिएबल व्यू टैब्स के माध्यम से वेरिएबल नेम, लेबल, वैल्यू कोडिंग, मिसिंग वैल्यू, मापन स्तर आदि की प्रक्रिया सीखी। कार्यक्रम में कुल 38 पंजीकृत प्रतिभागियों ने भाग लिया और पहले दिन के व्यावहारिक प्रशिक्षण से भरपूर लाभ प्राप्त किया।

यह कार्यक्रम शोधकर्ताओं और शिक्षकों के लिए डेटा विश्लेषण कौशल को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम समन्वयक रविंद्र कुमार हैं।



मंगलवार को होटल बीएनआर चाणक्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का स्वागत करते युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा।

### जैलेंद्र कुमार ने दिया मदद का आश्वासन



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा ओरमांझी मंडल के हेंदेबिली पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजक कामेश्वर बेदिया की अचानक तबियत खराब हुई। अस्पताल ले जाया गया, पर बचाया नहीं जा सका। भाजपा रांची ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, ओरमांझी के पूर्व प्रभारी प्रमुख जय गोविंद साहू, रांची ग्रामीण भाजपा के मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, पूर्व महामंत्री रामबृक्ष महतो, सुनील नायक मंगलवार को उनके घर जाकर परिजनों से मिले। उन्हें हर तरह की मदद का आश्वासन दिया।


## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 57 date 25.04.2025, I Pradeep Kumar Prajapati S/o. Devi Ram Mahto, Resident of upper hatia, Chaibasa Toli, P.O. Hatia, P.s.- jagarnathpur. Dist.- Ranchi, Jharkhand do hereby Solemnly affirm & declare as follows :-

1. That i am an indian citizen and living in above mentioned address, my Aadhar no. is 3481 6674 8733.
2. That in Aadhar Card Bearing Aadhar No. 5048 2839 4114 my daughter's name is mentioned as Lakshmi Kumari.
3. That my daughter will be known as SHEJAL KUMARI till date according to her birth Certificate bearing Registration No. B:2019:20-90032-005071 Date of issue 09.03.2019 issued from municipal Corporation Ranchi.
4. that i want to change my daughter's name from Lakshmi Kumri to Shejal Kumari. That this affidavit is sworn for the purpose of published in local news paper.


झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विस्तारित कार्यसमिति की बैठक

# संगठन की मजबूती के बारे में सोचना होगा जनता के वायदे भी पूरे करने होंगे : खड़गे

- हम कागजी कमेटी नहीं चाहते हमें जमीन पर काम करना होगा: केसी वेणुगोपाल




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विस्तारित कार्य समिति की बैठक मंगलवार को केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बीएनआर चाणक्य के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विशिष्ट अतिथि संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी के राजू उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जिला अध्यक्ष सहित उपस्थित पदाधिकारी ने अपनी बातें बैठक में रखी। बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि झारखंड में सरकार बनने से उत्साह जनक स्थिति है। हम चुनाव जीत जाते हैं तो हमारा दायित्व खत्म नहीं होता बल्कि जीत के बाद अपने आईडियोलॉजी को लागू करना महत्वपूर्ण है। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूद हैं। झारखंड में पंचायत स्तर पर कमेटी को जल्द से जल्द पूरा करना है, हम कागजी कमेटी नहीं चाहते हमें जमीन पर काम करना होगा। 2025 हमारे लिए महत्वपूर्ण है, यह वर्ष संगठन के लिहाज से कांग्रेस के रिवाइवल का समय है, हमें जिम्मेदारी उठानी होगी। बैठक में प्रमुख रूप से बेला प्रसाद, कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव, सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा, राजेश कच्छप, गुरदीप सिंह सप्पल, प्रणव झा, विक्रांत भूरिया, राजेश लिलोठिया, अलका लांबा, दीपिका पांडेय, डॉ इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, डॉ अजय, डॉ रामेश्वर उरांव, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, राजेश ठाकुर, प्रदीप बालमुचू, सुबोध कांत सहाय, अनूप सिंह,सुरेश बैठा, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, ममता देवी, नमन विक्सल कोंगारी, भूषण बाड़ा, श्वेता सिंह, फुरकान अंसारी, राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुजनी, संजय पांडेय, अमूल्य नीरज खलको, आलोक दुबे, राजेश गुप्ता, किशोर शाहदेव, गजेंद्र सिंह, सोनाल शांति, अभिलाष साहू, एम तौसीफ सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।


## फॉर्म संख्या INC-19

### नोटिस

( कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 22 के अनुसार )

1. इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 की उपधारा (4)(II) के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8(5) के अंतर्गत जारी लाइसेंस को रद्द करने के लिए रांची, झारखंड के रजिस्ट्रार को आवेदन किया गया है। लाइसेंस रद्द होने के बाद कंपनी को अपने नाम में फाउंडेशन के स्थान पर "प्राइवेट लिमिटेड" शब्द जोड़ना होगा।

**2. कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं :**

**धर्मार्थ उद्देश्यों को बढ़ावा देना, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरणीय स्थिरता, कला, संस्कृति, सामाजिक कल्याण और समाज की उन्नति के लिए कोई अन्य गतिविधि शामिल है, लेकिन लाभ के उद्देश्य के बिना और अन्य।**

**3. जिस उद्देश्य के लिए कंपनी बनाई गई थी, वह अप्रत्याशित और अवांछनीय परिस्थितियों के कारण प्राप्त नहीं हो सका। इसलिए, हमें अपनी गतिविधियों को पुनर्गठित करने और वाणिज्यिक पहलों सहित संचालन के वैकल्पिक साधनों की खोज करने में सक्षम बनाने के लिए, जो वित्तीय स्थिरता की अनुमति देगा, कंपनी ने खुद को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित करने का फैसला किया है।**

4. प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन और लेखों की एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में देखी जा सकती है, जो सी/ओ गुप्तेश्वर पीडी सिंह एस/ओ लेफ्टिनेंट बासुदेव सिंह, आनंदमयी नगर रातू चट्टी, रांची, झारखंड, भारत, 835222 पर स्थित है। 5. इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निगम या निकाय कॉर्पोरेट, इस आवेदन पर आपत्ति कर सकता है, वह ऐसी आपत्ति को संप्रेषित कर सकता है 1. रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, रांची, झारखंड, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय मंगल टॉवर, चौथी मंजिल, पुराना हजारीबाग रोड, कांटा टोली चौक के पास, रांची, झारखंड - 834001 2. और क्षेत्रीय निदेशक, पूर्वी क्षेत्र, निजाम प्लेस, प्रथम एमएसओ बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, 234/4, एजेसी में बोस रोड, कोलकाता-700020, पश्चिम बंगाल, ईमेल आईडी- rd.east@mca.gov.in

इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर, जिसकी एक प्रति आवेदक को सी/ओ गुप्तेश्वर पीडी सिंह एस/ओ लेफ्टिनेंट बसुदेव सिंह, आनंदमयी नगर रातू चट्टी, रांची, झारखंड, भारत, 835222 पर भेजी जाएगी।

निदेशक
पतरातू वेल्फेयर एसोशिएश

# बेकाबू ट्रोलर्स

मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ नफरत न फैलाने की अपील करने वाली हिमांशी नरवाल और एक बच्ची से दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोगों की मर्यादाहीन भाषा पर एतराज करने वाली शैला नेगी के साथ जिस तरह की अभद्र टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, वह पूरे देश के लिए शर्मनाक और अफसोसजनक है। ट्रोलिंग करने वालों ने सारी मर्यादा तोड़ दी। एक महिला की गरिमा का भी ख्याल नहीं किया।

**धमकियों का प्लैटफॉर्म :** सोशल मीडिया पर किसी की ट्रोलिंग अब बेहद आम हो चुकी है। ट्रोलर्स ऐसी लहर की तरह बर्ताव करते हैं, जिसके सामने कोई नियम-कायदा, नैतिकता या मर्यादा नहीं टिकती। हिमांशी इसी ट्रेंड का शिकार हुईं और यही देखने को मिला नैनीताल में शैला नेगी के साथ। जरूरत यह थी कि समाज इन दोनों हिम्मती और विवेकशील लड़कियों का साथ देता, लेकिन इन्हें गालियां और धमकियां मिल रही हैं।

**आलोचना का दायरा :** संविधान ने सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया है। लेकिन इस आजादी का एक निश्चित दायरा है। यह अभिव्यक्ति किसी दूसरे की स्वतंत्रता और गरिमा पर चोट करने वाली नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग करते हुए कई लोग इस बात को भूल जाते हैं। उन्हें बात रखने की अपनी आजादी तो नजर आती है, सामने वाले का अधिकार और उसकी गरिमा का ध्यान नहीं रहता। किसी की बातों से सहमत या असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन इसे व्यक्त करने का तरीका शालीन होना चाहिए।

**सोशल मीडिया पर गाली-गलौज या अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। जब ऐसी भाषा पारिवारिक या सामाजिक जीवन में नहीं चलती, तो सोशल मीडिया पर कैसे चल सकती है, जिसका दायरा कहीं ज्यादा बड़ा है।**

**ज्यादा सतर्कता की जरूरत :** सोशल मीडिया पर गाली-गलौज या अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। जब ऐसी भाषा पारिवारिक या सामाजिक जीवन में नहीं चलती, तो सोशल मीडिया पर कैसे चल सकती है, जिसका दायरा कहीं ज्यादा बड़ा है। अगस्त 2023 में शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के पूर्व विधायक और अभिनेता एस वी शेखर को महिला पत्रकारों के खिलाफ फेसबुक पर अपमानजनक टिप्पणी लिखने के मामले में राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय इसके प्रभाव और पहुंच को लेकर सतर्क रहना चाहिए।

**गाइडलाइंस चाहिए :** सोशल मीडिया पर ही हिमांशी और शैला को सपोर्ट करने वाले भी हैं। यह सुखद तो है, पर समस्या का हल नहीं। सोशल मीडिया पर गाइडलाइंस को लेकर सोचने की जरूरत है। रेप की धमकियों का सामना कर रहीं शैला का यह सवाल सबके लिए है कि लोग किस बात को लेकर सड़क पर उतरे थे और कहां पहुंच गये।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अवैध घुसपैठियों की समस्या सिर्फ भारत में ही नहीं है। यूरोप के बहुत से देश और अमेरिका तथा अमेरिका की राजनीति भी इससे बुरी तरह प्रभावित है। डोनाल्ड ट्रंप की चुनावी मुहिम में अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के वायदे ने, उन्हें सत्ता सौंपने में प्रमुख भूमिका निभायी। दुनिया के बहुत से लोग अमेरिका जाना चाहते हैं। कई साल पहले खबर थी कि दुनिया में 10 करोड़ लोग अमेरिका जाना ही नहीं चाहते, बल्कि वहां बसना भी चाहते हैं। इसके लिए कानून भी ताक पर रखना पड़े, तो चलेगा। भारत में भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है।**

# बच्चों को खतरे में डाल कर भी हमें डालर चाहिए

क्षमा शर्मा



**अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वहां की सरकार को माता-पिता द्वारा ही अपने बच्चों के इस तरह के शोषण के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रंप के आने के बाद समझा जा रहा है कि अमेरिका में अवैध प्रवासियों का आना और अपने बच्चों को इस तरह से अकेला छोड़ना, निश्चित रूप से कम हो जायेगा।**

अपने देश में पिछले दिनों अवैध रूप से रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा रहा है। इनमें ऐसे-ऐसे लोग भी पाये गये, जो यहां रहे, पढ़े-लिखे। सालों तक नौकरी भी करते रहे, लेकिन थे वे पाकिस्तानी नागरिक। एक ओर कहा जाता है कि भारत मुसलमानों के लिए सुरक्षित नहीं है, तो दूसरी तरफ ये लोग भारत से जाना ही नहीं चाहते थे। भारत में लगातार बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बहुत से घुसपैठिए भारत में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण, सारे वैध कागजात बनवा लेते हैं। सारी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। जब भी इन्हें हटाने की बात होती है, तो तरह-तरह की अड़चनें डाल दी जाती हैं।

जहां से आये हैं, वे देश इन्हें लेने को तैयार भी नहीं होते। हों भी क्यों, इनके पास यहां के सारे वैध कागजात जो होते हैं। फिर मानव अधिकार वादी समूह भी सक्रिय हो जाते हैं। एक बार, एक बड़े अखबार ने लिखा था कि सीमाओं पर अवैध रूप से घुसना, एक मुर्गे या शराब की बोतल से भी संभव है। खैर, सच जो भी हो, अपने देश में यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही है। लेकिन अवैध घुसपैठियों की समस्या सिर्फ भारत में ही नहीं है। यूरोप के बहुत से देश और अमेरिका तथा अमेरिका की राजनीति भी इससे बुरी तरह प्रभावित है। डोनाल्ड ट्रंप की चुनावी मुहिम में अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के वायदे ने, उन्हें सत्ता सौंपने में प्रमुख भूमिका निभायी। दुनिया के बहुत से लोग अमेरिका जाना चाहते हैं। कई साल पहले खबर थी कि दुनिया में 10 करोड़ लोग अमेरिका जाना ही नहीं चाहते, बल्कि वहां बसना भी चाहते हैं। इसके लिए कानून भी ताक पर रखना पड़े, तो चलेगा। भारत में भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है। उन्हें लगता है कि अगर किसी तरह एक बार अमरीका पहुंच जायें, तो उनके जीवन की सारी समस्याएं हल हो जायेंगी। डालर बरसने लगेंगे, जबकि वास्तव में ऐसा है नहीं।

**ट्रंप के आने के बाद समझा जा रहा है कि अमेरिका में अवैध प्रवासियों का आना और अपने बच्चों को इस तरह से अकेला छोड़ना, निश्चित रूप से कम हो जायेगा।**

पिछले दिनों अमेरिका से आयी एक रिपोर्ट पढ़ रही थी। इसमें बताया गया था कि भारतीय माता-पिता अपने छोटे बच्चों और किशोरों को अमरीका-मैक्सिको बार्डर या अमेरिका-कनाडा बार्डर पर अकेला छोड़ देते हैं। इनकी उम्र 6 साल से 17 साल की होती है। इनके पास जरूरत का कुछ सामान और एक पर्ची होती है। इसमें इनका नाम और माता-पिता का फोन नंबर लिखा होता है। बच्चों को इस तरह की परिस्थिति में बिल्कुल अकेला छोड़ने का काम वे माता-पिता कर रहे हैं, जो खुद भी अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं। उन्हें लगता है कि मानव अधिकार के कारण अमेरिका में इन बच्चों को आने दिया जायेगा। उन्हें उनके माता-पिता के पास भेजा जायेगा। वहां के कानूनों के अनुसार शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त मिलेंगी। उन्हें 6-8 महीने में ही ग्रीन कार्ड मिल जायेगा और अंततः माता-पिता को ग्रीन कार्ड और नागरिकता भी मिल जायेगी। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि जो लोग इन बच्चों को सीमाओं पर अकेला छोड़ते हैं, वे इन्हें अपना ग्रीन कार्ड मानते हैं। वे नहीं जानते कि जब इन बच्चों को किसी अनजान जगह और कठिन मौसम में छोड़ा जाता है, तो वे कितने डर और असुरक्षा से गुजरते हैं।

यह लगातार बढ़ता जा रहा है। कोरोना में चूंकि आना-जाना बंद हो गया था, तो इनकी संख्या घट गयी थी। यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटैक्शन की रिपोर्ट में बताया गया था कि अक्टूबर 24 से इस साल के फरवरी माह तक ऐसे 77 बच्चे पाये गये थे। 2022 में 409, 2023 में 730 , 2024 में 517 भारतीय अकेले बच्चे अमेरिकी सीमाओं पर मिले। यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। अमेरिका में 2019 से अवैध रूप से रहने वाले एक दंपति ने बताया कि वे अपने बच्चे को भारत में ही छोड़ आये थे। तब वह मात्र दो साल का था। ये लोग जब खुद ही अवैध थे, तो अपने बच्चे को कैसे बुलाते। फिर कोरोना में सब कुछ रुक गया था। इस दंपति के पुरुष ने बताया कि 2022 में उसका चचेरा भाई भी अवैध रूप से अमेरिका आ रहा था। अब तक बेटा 5 साल का हो चुका था। मैंने उससे कहा कि मेरे बेटे को भी साथ ले आये और अमेरिका की सीमा पर बताये गये स्थान पर छोड़ दे। बच्चे के पास पिता का फोन नंबर भी लिख कर रख दे। भाई ने ऐसा ही किया। अधिकारियों ने बच्चे के पिता को ढूंढ निकाला और बच्चा उन्हें मिल गया।

यह सब इसलिए हो रहा है कि अमेरिका में उदारता है। वहां का लोकतंत्र और कानून बच्चों को अकेला छोड़ने और विपरीत परिस्थितियों में रहने की इजाजत नहीं देता। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वहां की सरकार को माता-पिता द्वारा ही अपने बच्चों के इस तरह के शोषण के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रंप के आने के बाद समझा जा रहा है कि अमेरिका में अवैध प्रवासियों का आना और अपने बच्चों को इस तरह से अकेला छोड़ना, निश्चित रूप से कम हो जायेगा। क्या होता है, यह तो वक्त ही बतायेगा। मगर अपने यहां अवैध रूप से रहने वालों और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई कब होगी।

## कोल्हान की खबरें

### राज्यपाल से मिले विधायक सरयू राय, औद्योगिक नगर समिति के बारे में चर्चा

# सरयू को राज्यपाल का आश्वासन, आवश्यक कदम उठायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/ जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल से जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति के बारे में विस्तार से बातचीत की। श्री राय ने उन्हें स्मरण दिलाया कि दिसम्बर-2023 में उन्होंने इस विषय पर तत्कालीन राज्यपाल के समक्ष एक स्मार-पत्र दिया था जिस पर राजभवन ने संज्ञान लेकर झारखण्ड के मुख्य सचिव को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

राज्यपाल के प्रधान सचिव ने बताया कि इस विषय में मुख्य सचिव स्तर से राजभवन को कोई सूचना नहीं दी गई है। श्री राय ने राज्यपाल को सूचित किया कि जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति का गठन करने में जनहित का ख्याल नहीं रखा गया है और नगरपालिका की मूल भावनाओं को भी नजरअंदाज किया गया है, जबकि औद्योगिक नगर समिति नगरपालिका के बदले में गठित होती है। इसमें जनता के प्रतिनिधियों (निर्वाचित या मनोनीत) को कोई स्थान नहीं दिया गया है, जबकि नगरपालिका का गठन ही स्थानीय स्वशासन के लिए होता है। सरयू राय ने राज्यपाल को बताया कि इस समिति में सरकार एवं टाटा स्टील के प्रतिनिधियों को स्थान दिया गया है। यह स्थानीय स्वशासन के विरूद्ध है। इस समिति में करीब आधी संख्या टाटा स्टील के प्रतिनिधियों की है। 1973 में संविधान का 74वां संशोधन होने के बाद संविधान के अनुच्छेद 243 (क्यू) में अपवाद स्वरूप एक प्रावधान किया गया है कि जहां कोई सरकार या निजी उद्योग प्रतिष्ठान जनसुविधाएं दे रहा है अथवा देने के लिए तैयार है, वहां सरकार चाहे तो नगरपालिका का गठन नहीं भी कर सकती है और वहाँ औद्योगिक नगर समिति बना सकती है। इसके तहत देशभर में करीब आधा दर्जन छोटे-बड़े औद्योगिक नगर समितियाँ गठित हुई है, जिनमें सेवा प्रदाता के अतिरिक्त उद्योगों, सामाजिक संगठनों एवं सरकार के प्रतिनिधियों को नामित किया गया है। किसी में भी सरकार के किसी मंत्री को समिति का अध्यक्ष नहीं बनाया गया है, परंतु जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति में स्थानीय मंत्री अथवा प्रभारी मंत्री, झारखण्ड सरकार को अध्यक्ष बनाया गया है तथा सदस्य के रूप में आधा दर्जन से अधिक संख्या में सेवा प्रदाता संस्थान को नामित किया गया है। जनहित में इस पर पुनर्विचार आवश्यक प्रतीत होता है।

### जिला प्रशासन ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र घोटाले का किया उजागर

# जांच में 4281 जन्म प्रमाण पत्र फर्जी मिले

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड अंतर्गत मटियाबांधी पंचायत में बड़े पैमाने पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का मामला का जिला प्रशासन में खुलासा कर दिया। मंगलवार को जिले डीसी अनन्य मित्तल व एसएसपी किशोर कौशल ने संयुक्त प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। डीसी अनन्य मित्तल ने बताया शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत बीपीएल श्रेणी के बच्चों का स्कूल के नामांकन के लिए जमा किये गये दस्तावेजों की जांच के दौरान यह घोटाला उजागर हुआ। एसडीओ घाटशिला के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने जनवरी 2023 से अब तक मटियाबांधी पंचायत द्वारा जारी किये गये कुल 4567 जन्म प्रमाण पत्रों की जांच की। जिसमें 4281 जन्म प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। डीसी ने कहा इन फर्जी प्रमाण पत्रों का उपयोग कर स्कूल में नामांकन,सरकारी योजनाओं का लाभ,पासपोर्ट,आधार और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बनवाने की आशंका को देखते हुए संबंधित विभागों व एजेंसियों को प्रमाण पत्रों की सूची भेज दी गयी है। इसे सार्वजनिक करने की भी तैयारी की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के सभी 11 प्रखंडों में भी जन्म प्रमाण पत्रों की जांच का निर्देश जारी किये गये। मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने वालों को भी नोटिस जारी किया गया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया चाकुलिया प्रखंड विकास पदाधिकारी आरती मुंडा के लिखित शिकायत पर चाकुलिया थाना में मामला दर्ज किया गया। एसएसपी ने कहा अब तक की जांच में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मटियाबांधी पंचायत के सचिव सुनील महतो, प्रज्ञा केंद्र संचालक सपन महतो, मलकुंडी पंचायत के वीएलइ शिवम डे, तुजू पंचायत के वीएलइ हरिश प्रमाणिक और रांची निवासी आरिफ आलम शामिल हैं। इनके निशानदेही पर फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने में प्रयुक्त उपकरण भी जब्त किया गया। जिला प्रशासन इस मामले में पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। जिला पुलिस दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बारिश से जुगसलाई-टाटा पिगमेंट गेट के पास मुख्य सड़क में जलजमाव, राहगीर परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के अलग अलग क्षेत्र में वारिस के बाद जल जमाव की समस्या से लोग जूझ रहे है। शहर वासियों को समस्या का समाधान के लिए नगर निगम, नगर पालिका, जुस्को प्रबंधन और जनप्रतिनिधि की अपेक्षाओं का इंतजार है। मंगलवार को लगभग एक घंटे का झमाझम बारिश ने नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश के दौरान जुगसलाई स्थित टाटा पिगमेंट गेट के पास टाटानगर स्टेशन को जोड़ने वाली मुख्य सड़क में जलजमाव से दोनो तरफ से घंटो आवागमन बाधित रहा। मुख सड़क पर जलजमाव से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बताया जा रहा है हाल ही मे जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी की पहल पर रेलवे के द्वारा उक्त स्थान पर सड़क और नाले का निर्माण कराया गया था। जिसका उद्देश्य जल निकासी और सड़क सुगमता सुनिश्चित करना था। लेकिन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जलजमाव से आमजनो की चिंता बढ़ने लगी है। परिस्थिति को देखते हुए अनुमान लगाया जारहा है जलनिकासी की योजना में या जुगसलाई नगर परिषद के अधीन आने वाली नाले की साफ सफाई में कहीं न कहीं खामियां रह गयी हैं। उधर वारिस के बाद पानी की तेज धारा सड़कों पर बहने लगी और मुख्य मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गया। टाटा पिगमेंट गेट के आसपास का क्षेत्र घंटो तक जलभराव की चपेट में रहा। जिससे आम लोगों के साथ-साथ दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, सड़क से गुजरने वाली वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# जनता दरबार में दर्जनों शिकायतें कई मामलों का तत्काल निष्पादन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। मंगलवार को जनता दरवार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने भूमि विवाद, विद्यालय भवन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत और शिक्षा से जुड़ी समस्याएं रखीं। मौके पर डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। सभी योग्य लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान निकाले।

# रामदास सोरेन को जेएमएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जिला समिति ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति द्वारा झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को केंद्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिला सामिति के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखने को मिला। मंगलवार को झामुमो जिला समिति के वरीय पदाधिकारी, झामुमो महिला सामिति और समर्थकों ने पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदास सोरेन को गुलदस्ता, शॉल और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सागेन पूर्ति, अरुण प्रसाद, अरुण सिंह, राजा सिंह, गुरमीत सिंह गिल, कृष्ण कामत, विपिन शुक्ला, झरना पाल, सविता दास, दुर्गा बोयपाई और राज पूर्ति सहित सैकड़ो झामुमो समर्थक शामिल रहे। सभी ने श्री सोरेन का अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह में उल्लास का माहौल रहा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सीएम हेमंत सोरेन को बधाई देते इसे संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर वक्ताओं ने रामदास सोरेन के नेतृत्व और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की जमकर सराहना की। उम्मीद जतायी वे संगठनात्मक जिम्मेदारियों का भी कुशलता से निर्वहन करेंगे।

### झामुमो जिला कमिटी ने सम्मान समारोह का आयोजन किया

# केंद्रीय महासचिव और सदस्यों को किया सम्मानित

**पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर और विधायक अनंत प्रताप देव रहे मौजूद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला कमिटी के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी ने पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को केंद्रीय महासचिव समेत अन्य सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के सक्रिय कार्यकर्ताओं और नवनियुक्त सदस्यों को प्रोत्साहित करना और उनके योगदान को सम्मान देना था। समारोह के दौरान बोलते हुए पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि कि पार्टी कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण ही झामुमो की सबसे बड़ी ताकत है। हमें संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है, और इसके लिए हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि झामुमो सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक आंदोलन की तरह काम करता रहा है। विधायक अनंत प्रताप देव ने अपने संबोधन में कहा कि कि केंद्रीय सदस्य जिला स्तर पर पार्टी को संगठित और मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। संगठन को मजबूती देने के लिए हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ आगे आना होगा। इस मौके पर झामुमो जिला कमिटी के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण माहौल में किया गया और अंत में सभी सदस्यों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला कमेटी ने केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, मदनी खान, धीरज दुबे, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, जवाहर पासवान, नितेश सिंह, अनिता दत्त, सरवन सिंह खरवार, राज किशोर यादव को सम्मानित किया।

### उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं

# संबंधित पदाधिकारी को किया निर्देशित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी और उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान, अनुकम्पा आधारित नौकरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गयी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सर्वप्रथम केतार प्रखंड के परसोडीह के ग्रामीणों में रविंद्र पाल व बबन साह ने उपायुक्त के समक्ष आवेदन समर्पित करते हुए तत्कालीन डीलर जिनका लाइसेंस रद्द है, को पुनः लाइसेंस निर्गत नहीं करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि परसोडीह के तत्कालीन डीलर के विरुद्ध पूर्व में ही राशन के तहत खाद्यानों की कालाबाजारी करने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त के समक्ष किया गया था, जिसके फलस्वरुप जांच प्रक्रिया में आरोपों की पुष्टि हो जाने के उपरांत संबंधित डीलर का लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि विशेष सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि संबंधित डीलर द्वारा पुनः लाइसेंस निर्गत किए जाने के संबंध में कार्य किये जा रहे हैं, जो जनहित में ठीक नहीं है। अतः उन्होंने संबंधित डीलर को पुनः लाइसेंस निर्गत नहीं करने का अनुरोध किया है। आवेदन समर्पित करने वालों में रीमा देवी, ललिता देवी और अनीता देवी आदि का नाम शामिल है। आज के जनता दरबार में आमजनों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित अन्य मामले भी प्राप्त हुए, जिनके समाधान हेतु उपायुक्त जमुआर द्वारा संबंधित पदाधिकारीयों व विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

### जीएन कान्वेंट स्कूल परिवार ने महान भारतीय वैज्ञानिक डॉ के कस्तूरीरंगन को दी श्रद्धांजलि

# डॉक्टर के कस्तूरीरंगन का अंतरिक्ष विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान को देश सदैव याद रखेगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में इसरो के महान वैज्ञानिक एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर के कस्तूरीरंगन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा डॉक्टर के कस्तूरीरंगन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि दूरदर्शी अंतरिक्ष वैज्ञानिक और इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर के कस्तूरीरंगन ने भारत की अंतरिक्ष प्रगति और शिक्षा सुधारों को आगे बढ़ाया तथा विश्व स्तर पर नवाचार और प्रेरणा की एक स्थायी विरासत छोड़ी। उनके नेतृत्व में इसरो ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की, जिसमें मंगल ऑर्बिटर मिशन मंगलयान का सफल प्रक्षेपण भी शामिल है जिसने भारत को मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला पहला एशियाइ देश बना दिया, जिससे विश्व के मानचित्र पर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का सितारा जगमगाने लगा। वे भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली जैसी प्रमुख परियोजनाओं के विकास के साथ-साथ भारत में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए समर्पित थे। भारत के पहले चंद्रमा मिशन चंद्रयान-1 में उनकी भागीदारी भी देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। कार्यक्रम को सफल बनाने में खुर्शीद आलम, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र शाह, विकास कुमार, नीरा शर्मा, सुनीता कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही वहीं प्रार्थना सभा में उपस्थित छात्रों ने दो मिनट का मौन व्रत रख श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मॉक ड्रिल में युवाओं की भागीदारी जरूरीः अभाविप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सात मई बुधवार को आयोजित की जा रही राष्ट्रव्यापी 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने युवाओं और विद्यार्थियों से इसमें सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। अभाविप गढ़वा ने इस अभ्यास का स्वागत करते हुए इसे देश की सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया है। यह मॉक ड्रिल हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सीमा पार से बढ़ते साइबर और शत्रुतापूर्ण खतरों के मद्देनजर नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारियों की एक व्यापक परीक्षा है। अभ्यास के तहत एयर रेड सायरन का परीक्षण, ब्लैकआउट की स्थिति का अभ्यास, नागरिकों की सुरक्षित निकासी और युवाओं को आपातकालीन सुरक्षा प्रशिक्षण शामिल है। संगठन ने देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से अपील की है कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें और छात्रों को प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। गढ़वा जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि अभाविप इस मॉक ड्रिल का स्वागत करती है और हमारे कार्यकर्ता सरकार के आदेश पर सक्रिय रूप से इसमें भाग लेंगे। हम सभी युवाओं से अपील करते हैं कि वे आगे आकर देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में सरकार का सहयोग करें और अपने नागरिक धर्म का पालन करें।

# चिनियां प्रखंड बाल मजदूर मुक्त होगाः बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जन साहस संस्था और जिला विधिक सेवा प्राधिकार डीएलएसए गढ़वा द्वारा अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के आलोक में जागरूकता शिविर सह कार्यशाला का आयोजन प्रखंड सभागार चिनियां में किया गया, जिसमें विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों के साथ पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए। जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से सुरक्षित पलायन, मानव तशकरी एवं बाल मजदूरी सहित मजदूरों के साथ अन्य चुनौतियों पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में जन साहस संस्था के जिला समन्वयक जहुर अंसारी ने मजदूर दिवस के इतिहास एवं जन साहस के परिचय के साथ एमआरसी कार्यक्रम को विस्तार से बताया। उन्होंने प्रवासी मजदूरों का पंचायत मे पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया। बीडीओ सुबोध कुमार सिंह ने मजदूरों के प्रकार, उनका भुगतान प्रक्रिया और मजदूरी दर की जानकारी दिया और जन साहस संस्था को अपेक्षित सहयोग करने का अस्वसन दिया। बीडीओ ने चिनियां प्रखंड को बाल मजदूर मुक्त बनाने के लिए अस्वस्त किया।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने मजदूरों को कानूनी प्रक्रिया एवं सुरक्षा के लिए यथा संभव सहयोग करने के लिए जन साहस को अस्वस्त किया एवं बाल मजदूर को चिन्हित कर उचित कानूनी कार्रवाई करने का अस्वाशन दिया। पीएलभी गोपाल चौबे, राम प्रताप सिंह, मदनदीप कुमार यादव, दिलीप कुमार सिंह और सुनैना देवी ने डीएलएसए द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम कि जानकारी दिया, साथ ही बाल मजदूरी पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा किया। संतोष पासवान, अनील, काजल रानी ने मजदूरों के प्रकार-अकुशल, अर्ध कुशल, कुशल, अति कुशल मजदूरों के अधिकार और मजदूरी दर कि जानकारी दिया। कार्यशाला में उप मुखिया रवि प्रशाद, चिंता देवी, प्रवासी मजदूर विनय यादव, फूलपति कुंवार, कलावती देवी, बिपत सिंह, रामजी साव, मनोज कोरवा, बीफन परहिया ने अपनी समस्या बताया। मजदूर हेल्प एच लाइन का प्रमोशन किया गया। कार्यक्रम मे काफी संख्या में महिला पुरुष थे। उप प्रमुख मोहम्मद फारूक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## चार अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को चार अलग - अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में रोहिणीया से कवलदाग गांव में टेंट का सामान लेकर जा रहा ट्रैक्टर कैलान के पास पलटने से उस पर सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक थाना क्षेत्र रोहनिया गांव निवासी इंदर पासवान 17 वर्ष पिता बृजकिशोर पासवान है, वहीं घायलों में सीतेस यादव पिता बुधन यादव व धर्मेंद्र बैठा पिता बिनोद बैठा का नाम शामिल है। दूसरी घटना में टाउनशिप कांडी मुख्य पथ पर इमलिया ढोढा के पास बारातीयों से भरी एक कमांडर बाईक चालक को बचाने के क्रम मे अनियंत्रित होकर पलटने से उस पर सवार एक दर्जन बाराती में दो बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए है, जिसमें सोमारू सिंह और विजय सिंह दोनों खरौंधी थाना क्षेत्र के नाम शामिल है। तीसरी घटना में भवनाथपुर टाउनशिल मुख्य पथ के रेलवे साइडिंग के पास एक बाईक और लूना के टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। जिनमें धर्मेंद्र कोरवा पिता सुरेंद्र कोरवा, अखिलेश कोरवा पिता बिरजा कोरवा दोनो कैलान झुरही टोला निवासी है, जबकि तीसरा बिरजा कोरवा का दामाद देवनाथ कोरवा धुरकी निवासी के नाम शामिल है। चौथी घटना खरौंधी के अमरोरा गांव में तीखे मोड पर एक लूना और बाईक के टक्कर में लूना पर सवार पति पत्नी और उनका दो वर्षीय पुत्र घायल हो गया। जिसमें एस कुमार पत्नी रिमा देवी, बेटा ओम कुमार और शिवम कुमार सभी भवनाथपुर चपरी के सरईया टोला के नाम शामिल है। सभी घटनाओं में भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम को तत्काल घटना स्थल पर भेजकर घायलों को उचित इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया साथ ही दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर, कमांडर और बाईक को जब्त कर थाना लाया।

# भवनाथपुर में सरकारी शराब दुकान पर अवैध वसूली को लेकर मचा हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** कपूर्री चौक स्थित सरकारी शराब दुकान में बीते कुछ महीनों से लगातार अवैध वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्राहकों से तय रेट से अधिक पैसे की जबरन वसूली की जा रही है, जिससे असंतोष और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। हर दिन दुकान के बाहर ग्राहकों और सेल्समैन के बीच तीखी बहस, झड़प और तू-तू मैं-मैं की घटनाएं आम हो गयी हैं। यदि प्रशासन ने समय रहते कड़ा कदम नहीं उठाया, तो आने वाले दिनों में मारपीट या गंभीर अप्रिय घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों के अनुसार, शराब दुकान पर तैनात सेल्समैन निर्धारित दर से 30 से 60 तक अधिक पैसे ले रहे हैं। जब कोई ग्राहक इसका विरोध करता है, तो उसे धमकाया जाता है या बदसलूकी की जाती है। मामले को और गंभीर बनाते हुए यह भी सामने आया है कि दुकान के पास ही कुछ असामाजिक तत्वों को शराब पिलाकर बैठाया जाता है, जो विवाद की स्थिति में सेल्समैन का साथ देते हैं और ग्राहकों को डराने-धमकाने का काम करते हैं। बीते रात्रि ऐसी ही एक घटना के दौरान जब कुछ ग्राहकों ने अवैध वसूली का विरोध किया, तो माहौल गरमा गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गये और दुकान के सामने हंगामा शुरू हो गया। सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस संबंध में पूछे जाने पर उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार ने कहा कि कोई भी ग्राहक शराब पर निर्धारित मूल्य से एक रुपए ज्यादा नही दे अगर ज्यादा मांगा जाता है तो मेरे पास फोन कर शिकायत करे कारवाई किया जायेगा।

### मुखिया पति पर अबुआ आवास योजना में भारी गड़बड़ी करने का आरोप

# एसडीओ से ग्रामीणों ने की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड के सोनडीहा पंचायत में अबुआ आवास योजना में भारी गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को सोनडीहा ग्राम के ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन देकर अबुआ आवास योजना में अनियमितता और मुखिया पति पर आवास योजना में तीस-तीस हजार रुपये लेने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। एसडीओ ने ग्रामीणों को दो दिनों के अंदर मामले की जांच स्वयं कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। दिये गये आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि अबुआ आवास योजना के लाभुक दुलारी देवी पति रविंद्र राम, अनीता देवी पति अजय राम, विजय राम, विश्वनाथ राम हरिहर राम से मुखिया पति हनुमंत कुमार यादव द्वारा आवास योजना में पैसा डलवाने के एवज में अधिकारियों को देने के नाम पर पैसा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आर्थिक स्थिति सही नहीं रहने पर मवेशी बेच कर पैसा मुखिया पति को दिये है ऐसे में अभी तक आवास योजना का पैसा नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जब इस मामले में मुखिया पति द्वारा पैसा वापस करने से इनकार कर दिया। दिये आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में जिले के उपायुक्त और प्रखंड के बीडीओ को आवेदन देकर मामले की जांच कर पैसा वापस कराने की मांग किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया। आवेदन देने वालो में दुलारी देवी, अनीता देवी, अजय राम, हरिहर राम, विश्वनाथ राम, विजय राम, राजनाथ राम सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## युवक को पुलिसकर्मियों ने की बेरहमी से पिटाई, शरीर पर पड़े जख्म के निशान



**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई पुलिस कर्मियों के द्वारा मंगलवार को एक युवक को बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़ित युवक अनिकेत कुमार गुप्ता ने बताया कि मेरी मां घर में बीमार रहती है, उसको सीना में दर्द हो रहा था। मैं पत्नी को थोड़ा सेवा करने के लिए कहा तो वह आग बबूला हो गयी। तभी मेरी पत्नी घर से बाहर निकल कर शोर मचाने लगी। फिर मैं शांत कराने के लिए प्रयास किया, लेकिन वह गाली गलौज करते हुए थाने चली गयी। थाने पर जब मैं गया तो वहां पर मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम सहित कई गणमान्य व्यक्ति अपने काम से वही थे। उनके सामने से ही पुलिस ने मुझे घसीटते हुए बर्बरता पूर्वक थाने के अंदर एक रूम में ले गयी और कमरे में रस्सी से लटका कर बेरहमी से पिटाई करने लगी। पुलिस कर्मियों से हम लाख कहते रहे कि दोनों के आवेदन पर कानूनी कार्रवाई की जाये मारपीट न किया जाये, लेकिन मेरी एक न सुनी और पुलिस मुझ पर लाठियां बरसाती रही जिससे मेरे शरीर पर कई जगह जख्म का निशान है। युवक की पिटाई को लेकर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने कहा कि युवक को मेरे सामने से घसीटते हुए थाने के अंदर ले जाया गया और उसकी पिटाई कर दी गयी जिसका चिक चिल्लाहट थाना के बाहर तक सुनाई दे रहा था। थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने कहा युवक का घर का आपसी मामला था उसकी पत्नी के द्वारा थाना में आवेदन भी दिया गया। जब युवक को थाना बुलाया गया तो वह थाना आकर थाना में ही अपनी पत्नी के ऊपर मारपीट करने के लिए उतावला हो गया था। उसको शांत करने के उद्देश्य से एक दो डंडे और लपड़ थप्पड़ पिटाई पुलिस कर्मियों के द्वारा की गयी होगी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा वितरण प्रमंडल, बूटी, राँची-834009**

**आम सूचना**

निम्नलिखित रांची शहरी क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन एवं पेयजलापूर्ति की बर्बादी रोकने एवं शुद्ध पेयजलापूर्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित अनुरक्षण कर निराकरण के उद्देश्य से शहरवासियों को आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल अन्तर्गत नगरवासियों की सुविधा हेतु बूटी पम्प हाउस में शिकायत दर्ज कराने हेतु श्री प्रेम कुमार करमाली, मो0 नं0–8863016796 पर नगरवासियों के द्वारा किसी प्रकार की जलापूर्ति से संबंधित शिकायत एवं सूचना दर्ज करायी जा सकती है। संबंधित क्षेत्रों के कनीय अभियंता को सूचना देने हेतु सम्पर्क विवरणी निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | जलमीनार (प्रशाखा कार्यालय) | संबंधित वार्ड सं0 | सहायक अभियंता / कनीय अभियंता से संबंधित क्षेत्र | प्रभारी कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जिला स्कुल प्रशाखा | 23,24, 25 26,27 | कोटसराय रोड, पिंजरा टोली, कुम्हारटोली, अखाड़ा चौक, सरफराज चौक, बंसी चौक, शिवाजी चौक, गोशाला कम्पाउड, चौधरी बगान, मार्केट रोड ईस्ट व वेस्ट, रंधीर प्रसाद स्ट्रीट, दिनबंधु लेन, प्यादा टोली, गोपालगंज, भट्टाचार्य लेन, गोरखनाथ लेन, विष्णु टाकीज लेन, रूपाश्री लेन, विनोद आश्रम गली, जिला स्कुल कम्पाउड, बुचरगली, लेक रोड, भुईया टोली, पुरानी राँची, करीम लेन, बंगला स्कुल रोड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, कम्पाउण्डस लेन, डेली मार्केट, कैलाश बाबु स्ट्रीट, हिन्दपीड़ी 3rd स्ट्रीट, 2nd स्ट्रीट, 1st स्ट्रीट, सेन्ट्रल स्ट्रीट, खेत मोहल्ला, लाहफैक्ट्री रोड, नूरनगर, मुजाहिद नगर, निजामुद्दीन नगर, हरिजन बस्ती, माली टोला, हिन्दपीड़ी साउथ स्ट्रीट, ग्वाला टोली, बड़ी मस्जिद गली, तिवारी स्ट्रीट, तिवारी टैंक रोड, मुस्लिम कॉलोनी, गोपाल प्रेस, डाईभरसन रोड, नाला रोड हिन्दपीढ़ी एवं आसन्न क्षेत्र। | सुश्री मीरा कुमारी, कनीय अभि0 मो0–7488356652 |
| 2 | सिरमटोली / कडरू प्रशाखा | 15,27, 28, 29 | ओल्ड थाना रोड, मुर्खासाह लेन, राजाबली स्ट्रीट, शरदबाबु लेन, सिरमटोली, दिपुटोली, गुगुंटोली, कल्ब रोड, राजाबंगला कम्पाउण्ड, राज ट्रांसपोर्ट कम्पाउण्ड, डॉ फतेहउल्लाह लेन, पाराडाईज लॉज, विश्वकर्मा मंदिर, पी0पी0 कम्पाउण्ड,, सेठिया कम्पाउण्ड, पुल टोली, ओल्ड ए0जी0 कॉलोनी कडरू, हरमु बस्ती का भाग, हाई कोर्ट कॉलोनी, फोरटाईप हरमु कॉलोनी, न्यु ए0जी0 कॉलोनी, बंसत विहार, ढेलाटोली, रामनगर एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री जयप्रकाश बड़ाईक, कनीय अभियंता मो0–9431519778 |
| 3 | चर्चरोड / कोकर प्रशाखा | 16,17, 18 | चर्चरोड का भाग, गुदरी रोड का भाग, कर्बला टैंक रोड, कोनका रोड, डोम टोली, इस्लाम नगर, नया टोली, बसर टोली, पोल्टेकनिक कम्पाउण्ड, चटर्जी कम्पाउण्ड, डंगरा टोली, आईडियल लैण्ड, नया टोली का भाग, पत्थल कुदुवा, बैंक लाईन, आजाद बस्ती, पुरूलिया रोड का भाग, संत लुईस कम्पाउण्ड, काली स्थान रोड, दालपट्टी रोड, रंगसाज मस्जिद लेन, नाजिर अली लेन, बलदेव सहाय लेन, टुंकी टोली, मिशन कम्पाउण्ड, संत जेवियर कॉलेज कम्पाउण्ड, संत जॉन स्कुल, सर्जना चौक से काली स्थान, चर्चरोड का पूर्वी भाग, पीसरोड, इन्डस्ट्रीयल एरिया, कुम्हार टोली, मोहरम बस्ती, वर्धमान कम्पाउण्ड का हिस्सा एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री सहजाद असगर मोईनी, कनीय अभियंता मो0–6201961794 |
| 4 | कॉटाटोली / बूटी प्रशाखा | 7,11,12,13,14 | ओल्ड एच0बी0 रोड, खोरहाटोली, कॉटाटोली, कसाई मोहल्ला, इदरीस कॉलोनी, हरिजन मोहल्ला, लोवाडीह, शांति नगर, आजाद कॉलोनी, इस्लाम नगर, खातून नगर, शंकर नगर, चुटिया सामलोंग का भाग, चुटिया मेनरोड का उत्तरी भाग, हाईटेंशन इन्सुलेटर कॉलोनी, धुमासा टोली, रिफ्युजी कॉलोनी, टंगटंग टोली, कटहल टोली, कॉटाटोली, मकचुन्द टोली, चुटिया महादेव टोली, तेली टोली, चुटिया मेन रोड का दक्षिणी भाग, साई टोली, गोसाई टोली, बेनी साहु गली, पावर हाउस, किशन सिंह कॉलोनी, एफ0सी0आई0 गोदाम, भट्ठा टोली, खेलगॉव, होटवार जेल, गाड़ी गॉव, लालगंज, टाटीसिलवे, जैप–2, नामकुम, जोराड़ एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री अनु मानकी, कनीय अभियंता मो0–8271021891 |
| 5 | लालपुर | 10,14, 19 20,21, 22 | पुरूलिया रोड, जेवियर नगर, बिरसा मुण्डा समाधी स्थल, कानवेंटलाईन, उद्धवबाबु लेन, थरपखना, बड़ई टोली, पी0एन0बोस कॉलोनी, ईस्ट जेल रोड, ताराबाबु लेन, महेन्द्र महिला कॉलेज कम्पाउण्ड, न्यु नगरा टोली, करमटोली, महिला महा विद्यालय, आदिवासी होस्टल, वर्दमान कम्पउण्ड का हिस्सा, धोबी घाट गौतमबुद्ध रोड, अहिर टोली रोड, सैनिक स्कुल लेन, शिवदायल सहाय रोड, श्रद्धानन्द रोड, नौवाटोली एवं आसन्न क्षेत्र। | सुश्री मीरा कुमारी, कनीय अभि0 मो0–7488356652 |
| 6 | आवास प्रशाखा | 4,5,8 | शंकर टोली, भरणटोली, हिलव्यू रोड, श्रेया इनकेल्वभ, तेतर टोली, बनिया टोली, बड़गाई टोली, नालन्दा कॉलोनी, चित्रगुप्त कॉलोनी, बुटी बस्ती, आनन्द नगर, पी0एच0ई0डी0 कॉलोनी, रामटहल चौधरी हाई स्कुल, जयप्रकाश नगर, बरियातु हाउसिंग कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज सम्प, रानी बगान, जोड़ा तालाब, बरियातु बस्ती, सत्तार कॉलोनी, बरियातु स्टाफ क्वाटर, हैदर नगर, चेशायरहोम रोड, सैनिक स्कूल लेन रामेश्वरम, युनिवरसिटी कॉलोनी एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री अमन श्रीवास्तव, कनीय अभियंता मो0–7250852233 |
| 7 | बुटी जलागार | | पम्प हाउस कैम्पस के सभी अवयव एवं पम्प हाउस से बूटी पहाड़ी जलागार के सभी राईजिंग पाईप लाईन एवं बूटी पहाड़ी जलागार से मेडिकल / जिला स्कूल / रातु रोड पाईप लाईन, डी0ए0भी0 नन्दराज स्कूल के सामने चेक पोस्ट, बूटी तक। | श्री अजित कुमार तिवारी, कनीय अभि0 मो0–8409448014 |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्ण0
वितरण प्रमंडल, रांची

PR.NO.351739 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

# पिस्का नगड़ी से पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** पुलिस की गिरफ्त में आये पीएलएफआइ नक्सली पवन गोप की निशानदेही पर कर्रा थाना की पुलिस ने रांची जिले के हरि साई टोली, पिस्का नगड़ी में मंगलवार को छापामारी कर आकाश कुमार (23 वर्ष) नामक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, कर्रा थाना कांड संख्या 21/25 में गिरफ्तार पवन गोप को पुलिस ने रिमांड पर लिया है। पूछताछ के दौरान पवन ने खुलासा किया कि उसने संगठन के लिए आकाश कुमार को हथियार उपलब्ध कराये थे। पवन गोप के इस स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर मंगलवार को वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने आकाश कुमार के घर पर दबिश दी और पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर ग्राम रोन्हे के एक इमली के पेड़ के पास एक नीले रंग के प्लास्टिक में छुपाकर रखी गयी दो अवैध पिस्टल (7.65 एमएम) और एक मोबाइल फोन बरामद किया। आकाश कुमार ने पूछताछ में हथियार रखने की बात स्वीकार की है। इस मामले में कर्रा थाने में कांड संख्या 37/25, के तहत भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1-बी) /26/35 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल में तोरपा के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कर्रा के थाना प्रभारी मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर भूषण पटेल, रनिया के थाना प्रभारी विकास जायसवाल और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिला मुख्यालय स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में मंगलवार को अभिभावक शिक्षक बैठक के साथ ही नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक पदाधिकारी के अलावा रांची सदर अस्पताल के डॉक्टर विवेक कुमार और उनके सहयोगी सुसाना सोय, दसमी बोदरा ने मरीजों का इलाज किया। मौके पर जरूरतमंदों को निःशुंलक दवा दी गई। शिविर में निःशुल्क रक्त जांच की सुविधा भी लोगों को उपलब्ध कराई कई। बच्चों और भिभावाकों के साथ स्कूल प्रबंधन की हुई बैठक में बच्चों की गतिविधियों का अवलोकन किया गया। हर शिक्षक को नवचारी प्रयोग एवं गतिविधि आधारित शिक्षा के प्रचार-प्रसार कें लिए प्रेरित किया गया।

# संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए पिपरवार के कांग्रेसी कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस पिपरवार कमेटी के कई लोग शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता एक साथ संविधान बचाओ रैली में शामिल हुआ। कार्यक्रम में जाने से पूर्व सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बचरा चार नंबर चौक में जमकर नारेबाजी की और एक साथ वाहनों पर सवार होकर संविधान बचाओ रैली में शामिल होने के लिए रांची रवाना हुए। इस संबंध में पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि रांची में आयोजित संविधान बचाव रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई नेता शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झारखंड राज्य के सभी जिला,प्रखंड एवं पंचायत स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संविधान पर जो हमला हो रहा है एवं संविधान को बदलने की साजिश रची जा रही है इसके खिलाफ यह रैली थी, जिसमें कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए। पिपरवार से शामिल होने वाले कांग्रेस कार्यकताओं में मुख्य रूप से राजेंद्र साव, अनिल सोनी, राजेश सिंह, विनोद कुमार, मुकेश गुप्ता, विनोद पासवान, उर्मिला देवी, मोहन करमाली, संगीता देवी, अनीता देवी, सरिया देवी, कोमल देवी, प्रियंका देवी सहित कई कार्यकर्ता के नाम शामिल है।

# धूमधाम से मनायी गयी सीता नवमी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले मंगलवार को मेन रोड स्थित महावीर मंदिर में मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहनों ने मंगलवार को सीता नवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया। सुबह नौ बजे से पूजा-अर्चना की गयी। महिलाओं ने श्रृगार पूजा की और महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर पूर्णकालिक संगठन मंत्री उमेश मांझी ने कई मधुर भजन प्रस्तुत किये। मौके पर मातृशक्ति संयोजिका सीमा देवी ने कहा कि आज नारियां की कई लव जिहाद जैसे कई समस्याओं का सामना कर रही हैं। कार्यक्रम प्रमुख पल्वी किरण ने पहलगाम की घटना की निंदा करते हुए कहा कि हम अपने घर-आंगन में भी सुरक्षित नहीं हैं। हमारे देश में रह रहे ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनका आर्थिक बहिष्कार करना चाहिए। उनकी दुकानों को हमें कुछ भी खरीदारी नहीं करनी चाहिए। माता सीता और रामायण के बारे में रूपा देवी, शांति देवी, अंबिका देवी ने जानकारी दी। मंच संचालन विहिप अध्यक्ष एमपी सिंह ने किया। मौके पर विरेन भगत, मनोज वर्मा, प्रीतम जयसवाल, सीमा देवी, मीना देवी, पल्लवी किरण, रुपा देवी, शांति देवी, देवंती देवी, अंबिका देवी, उषा जयसवाल, फुलेश्वरी देवी, संगीता देवी, ज्योति देवी, बैजंती देवी, दमयंती देवी, सुनिता देवी, दीपू देवी, मालती, फुलमती, संजु माधुरी, रूपा, आरिद उपस्थित थे।

# लतरातू डैम में विकास कार्यों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला के कर्रा प्रखंड अंतर्गत लतरातू डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे विकास कार्यों का मंगलवार को संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिला पर्यटन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा और ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान टिकट काउंटर, स्टाफ क्वार्टर, फूड कोर्ट, डाइनिंग एरिया, मड हाउस, कॉटेज, टॉयलेट, ओपन एयर स्टेज, सुरक्षा कार्यालय, बाउंड्री फेंसिंग समेत विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने कार्य प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि आगामी एक माह के भीतर सभी कार्य पूर्ण किये जाये, ताकि लतरातू डैम का संचालन पर्यटकों के लिए शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। यह परियोजना न केवल क्षेत्र के पर्यटन को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करायेगी।

# पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत तीन वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** चतरा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के निर्देश पर पिपरवार पुलिस ने समकालीन अभियान चलाकर फरार चल रहे तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को यह सफलता मिली है। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बीते रात्रि को पिपरवार पुलिस के द्वारा समकालीन अभियान चलाया गया, जिसके तहत पिपरवार थाना मे दर्ज कांड संख्या के फरार तीन वारंटी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वारंटी में तिलक राम उर्फ तिलक डोम पिता स्वर्गीय सोहन राम ग्राम बचरा थाना पिपरवार जिला चतरा, सुनील कुमार पिता स्वर्गीय गणेश नायक ग्राम बचरा थाना पिपरवार जिला चतरा और विनोद उरांव पिता लालदेव उरांव ग्राम लरंगा थाना टंडवा जिला चतरा का नाम शामिल है।

गिरफ्तार किये गये तीनों वारंटी के खिलाफ पिपरवार थाना में मामला दर्ज था और पुलिस को काफी लंबे से तीनों की तलाश थी। उन्होंने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पिपरवार पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार फरार वारंटी की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पिपरवार थाना क्षेत्र में इस तरह का अभियान पिपरवार पुलिस के द्वारा आगे भी लगातार जारी रहेगा। समकालीन अभियान में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार, अंजनी कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# मारवाड़ी युवा मंच ने आठ जगहों पर अमृतधारा कार्यक्रम की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा के सौजन्य से मंगलवार को जनसेवा कार्यक्रम अमृतधारा (निःशुल्क पीने का ठंडा आरओ पानी) का एक साथ आठ स्थानों पर शुभारंभ किया गया। मारवाड़ी युवा मंच द्वारा प्रत्येक वर्ष भीषण गर्मी के दौरान आम राहगीरों, स्कूली छात्रों और खूंटी वासियों के लिए निःशुल्क पीने का ठंडा आरओ पानी शहर के विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध कराया जाता है। इस वर्ष भी मंच द्वारा एक साथ आठ स्थानों पर अमृतधारा कार्यक्रम के अंतर्गत पीने का शुद्ध आरओ जल उपलब्ध कराया गया। मंच के संस्थापक अध्यक्ष श्रीपाल चंद जैन ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जैन ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच पूरे राष्ट्र में अमृतधारा कार्यक्रम चलाता है। मारवाड़ी समाज द्वारा आम राहगीरों को शुद्ध आरओ जल उपलब्ध कराने के अलावा घरों की छत पर चिड़ियों के लिए और घर के सामने पशुओं के लिए भी सालों भर पेयजल उपलब्ध कराया जाता है।

सेवा भावना के साथ मंच का हर कार्यकर्ता काम करता है। मौके पर मंच के अध्यक्ष अंकित जैन, सचिव मुकुल पीपुरिया, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, पूर्व अध्यक्ष अखिल सरावगी, राजेश मिश्रा, टिल्लू जैन, अशोक जैन, गौरव जैन, प्रिंस अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रोशन जगनानी, रिंकु जैन, निक्की जैन, शालिनी जैन, काजल जगनानी, सिमरन जैन आदि मौजूद थे।

# डीएवी और डॉन बॉस्को स्कूल में नशा मुक्त भारत पर जागरूकता कार्यक्रम





आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी और डॉन बॉस्को एकेडमी मैकलुस्कीगंज में मंगलवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। सभी छात्रों ने एक साथ नशा न करने की शपथ ली और अपने जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाने का दृढ़ संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी ममता बहन ने विद्यार्थियों को मेडिटेशन कराया। उन्होंने मन को स्थिर और शांत रखने के महत्व पर प्रकाश डाला और विभिन्न ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया, जिससे विद्यार्थी तनावमुक्त और एकाग्रचित्त रह सकें। ममता बहन ने कहा कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ शरीर का आधार है और नशे से दूर रहने के लिए मानसिक शांति अत्यंत आवश्यक है। ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा बहन ने राजयोग अभ्यास के द्वारा एकाग्रता बढ़ाने के विषय पर अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर स्कूलों के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार और जोशी टीडी, शिक्षकगण और ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। इस रथ के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के उदात्त उद्देश्यों और नशे के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत और महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है, जिससे अधिक से अधिक नागरिक इस सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक हो सके और एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित हो सके।

## थम नहीं रहा गजराजों का आतंक घर को किया ध्वस्त, दंपति घायल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रनिया प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटना सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे की है, जब एक भूखा जंगली हाथी बनई पंचायत के मनातू गांव में घुस आया और घुरन महतो के घर को ध्वस्त कर दिया। हाथी ने घर में रखे लगभग पांच क्विंटल चावल में से कुछ खा लिया और बाकी को बर्बाद कर दिया। घर गिरने से अंदर सो रहे घुरन महतो और उनकी पत्नी पुष्पा देवी मलबे के नीचे दब गयी। पुष्पा देवी को मामूली चोटें आयी हैं, लेकिन घुरन महतो गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। उनकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। गांव में हाथी के हमले से दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** बुडू थाना छेत्र के गितिलडीह गांव में सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक अज्ञात युवक लगभग 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा गितिलडीह गांव के बारू हुआंग मोड़ पर हुआ, जब युवक अपनी बाइक से हुमटा छह मेला से कोचे टोला स्थित अपने घर लौट रहा था। युवक तेज गति से बाइक चला रहा था, नियंत्रण खोने के कारण बाइक सीधा एक पेड़ से टकरा गयी, जिससे वह बाइक से गिर पड़ा और उसके छाती एवं चेहरे पर गंभीर चोटें आयी हैं। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने त्वरित सहायता उपलब्ध करायी और घायल युवक को बुंडू के अस्पताल पहुंचाया।

## संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए सैकड़ों कांग्रेसी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी से कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी और अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए। सभी लोग डकरा अंबेडकर पार्क के समीप एकत्रित हुए जहाँ से छोटे बहनों में सवार होकर बिधायक सुरेश बैठा के साथ विधानसभा मैदान धुर्वा रांची पहुंचे। इस मौके पर इंदिरा देवी और अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए रांची जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश संविधान से नहीं चल रहा अंहकार से चल रहा हैं। रैली को सफल बनाना हैं। हमारे नेता राहुल गांधी ने साबित कर दिखा हैं कि जो जाति जनगणना के लिए देश के प्रधानमंत्री को मजबूर कर दिया हैं। देश झूकती हैं उसे झूकाने वाला चाहिए। 2029 में हमारे नेता राहुल गांधी अंहकारी प्रधानमंत्री को सत्ता से भी बेदखकर कर देंगे। जाने वालों में मुख्य रूप से सलामत अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, कुलदीप कुमार, धर्मेंद्र चैहान, राकेश चैहान, चंदन कुमार, अशोक सिंह, कृष्णा सिंह, अमजद खान, विकास लोहार, सोनू ठाकुर, पंचू उरांव, कमलेश यादव, मनोज बैठा, गीता देवी, नीलम देवी, गुड़िया देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, इंटेस मद्रासी, रामावतार राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

खलारी प्रखंड मुख्यालय में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# अभिभावक अपने बच्चों का रखें ख्याल मानव तस्करी से बचायें : शिवानी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा जागरूकता कायक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी सहायक शिवानी सिंह, पीएलवी संगीता देवी, मीकु कुमारी, साहिस्ता प्रवीण, सत्यपाल शर्मा, विकास भुईंया, रंजना गिरि एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। एलएडीसी सदस्य शिवानी सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं एवं मानव तस्करी और नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला। सुश्री सिंह ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का ध्यान रखे, अब समय पहले जैसे नहीं रहा, लोग बच्चों को बहला-फूसला कर ले जाते हैं और दूसरे राज्य में बेच देते हैं। बच्चों-बच्चियों को या तो घरों में काम कराया जाता है या फिर अज्ञात अपराधियों के द्वारा बच्चे-बच्चियों को भीख मांगने पर मजबूर किया जाता है। हड़िया-दारू या विदेशी शराब का सेवन न करें इससे शरीर के साथ-साथ धन की भी हानी होती हैं, अंततः पूरा घर-परिवार बिखर जाता है। पीएलवी संगीता देवी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम और बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी। मोटर वाहन दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी गयी। अइस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता सहित महिला पुरूष उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने जिला कोषागार कार्यालय का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित जिला कोषागार कार्यालय का मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कोषागार पदाधिकारी शिव कुमार सिंह सहित सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कार्यालय उपस्थिति पंजी की जांच कर सभी कर्मियों को अनिवार्य रूप से बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने लंबित एसी/डीसी बिल, सर्विस बुक, गार्ड फाइल, ऑडिट रिपोर्ट सहित अन्य दस्तावेजों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना किसी कारण कोई भी बिल भुगतान लंबित न रखा जाए। लेखा, पेंशन, जीपीएफ कक्ष का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कर संबंधित रिपोर्ट को रजिस्टर में संधारित करने के निर्देश दिये। इस क्रम में उपायुक्त ने जिला वज्रगृह का भी निरीक्षण किया। वहां प्रतिनियुक्त सुरक्षा गार्ड को सतर्क रहने एवं आने-जाने वाले सभी पदाधिकारियों, कर्मियों तथा अन्य व्यक्तियों की जानकारी अनिवार्य रूप से रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। वज्रगृह में उपलब्ध दस्तावेजों एवं सामग्रियों का निरीक्षण कर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य निष्पादन करने की सख्त हिदायत दी, ताकि कोई भी बिल या कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। इस दौरान अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा एवं नजारत उप समाहर्ता कोमल कुमारी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शादी समारोह में गोली चलने से युवती की मौत

## युवती को बंदूक दिखा रहा था एक युवक, तभी चल गयी गोली, आरोपित फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** थाना अंतर्गत ब्राम्बे में सोमवार की देर रात एक शादी समारोह में गोली चलने से 20 वर्षीय एक युवती की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान अमिता खलखो के रूप में हुई है। वह चान्हो थाना क्षेत्र के कमाती की रहने वाली थी। मांडर पुलिस से मिली जानकारी को मुताबिक ब्राम्बे में आयोजित शादी समारोह में चान्हों की रहने वाली अमिता खलखो भी पहुंच थी। वहां रातू थाना क्षेत्र के काटू निवासी दीपक कुमार नामक एक युवक भी पहुंचा था। वह युवती को हथियार दिखा रहा था। इसी बीत वापरवाही में गोली चल गई जिससे युवती की मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने आवास और युवती की मौत देख वहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया। इसी का फायदा उठाकर घटना के बाद आरोपित दीपक मौके से फरार हो गया। है। उधर, स्थानीय लोगों ने मांडर थाने को सूचना दी। खबर मिलने के कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव का पंचनामा कर अपने कब्जे में ले लिया। जिसे मंगलवार की सुबह नौ बजे रिम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लगे हाथ मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक आरोपित के पकड़े जाने की कोई सूचना नहीं है।

# जंगली हाथी ने वृद्ध महिला की कुचल कर ली जान

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** समूह से भटक कर एक जंगली हाथी अनगड़ा प्रखंड के रिहायशी इलाके में जा पहुंचा। इसी हाथी ने मंगलवार की सुबह लालगढ़ पतरा में कुंती देवी नामक 75 वर्षीय एक वृद्ध महिला की कुचलकरजान ले ली। वहीं, रिहायशी इलाके में हाथी के पहुंचने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक मृतका कुंती देवी सिमलिया निवासी कपिल प्रजापति की पत्नी थी। घटना सुबह पांच बजे हुई। कुंती देवी सुबह अपने गांव के बगल में स्थित लालगढ़ पतरा में लकड़ी चुनने गई थी। तभी हाथी ने हमला कर दिया। उधर, वन विभाग की ओर से मृतका के पुत्र मदन प्रजापति को 25 हजार रुपये की तत्काल मुआवजा राशि दी गयी। वनपाल नीतिन कुमार गुप्ता ने बताया कि आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद मुआवजा की



शेष राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेजा गया। दूसरी ओ्र, घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, आजसू नेता वीरेंद्र सिंह भोगता, चिलदाग मुखिया दुर्गा मुंडा, भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, अगमलाल महतो, रामनाथ महतो, समाजसेवी सावन कुमार महतो, सिकंदर अंसारी एवं वनविभाग की ओर से अनगड़ा के प्रभारी वनपाल नीतिन कुमार गुप्ता, शिवनारायण महतो, कृष्णा महतो मौके पर पहुंचे।

### शादी में टेंट लगाने आये किशोर को जंगली हाथी ने पटका

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेसातू भादरभांगा में सोमवार की रात जंगली हाथी के हमले से बदरी भुकभुकिया निवासी सिकंदर मुंडा नामक 18 वर्षीय किशोर घायल हो गया। बतातें चलें कि सिकंदर मुंडा सिकिदीरी के भादरभांगा में चरकू करमाली के घर में शादी का टेंट लगाने आया था। टेंट लगाने के बाद सिकंदर और राजू बेदिया नामक लड़के शादी घर के बगल में पीसीसी पथ पर खड़े थे। तभी रात करीब नौ बजे अचानक बांस की झाड़ी से जंगली हाथी निकले आये और दोनों पर हमला कर दिया। सिकंदर मुंडा ने भागने का प्रयास किया, तभी जंगली हाथी ने उसे अपनी सूंढ में लपेट लिया और पटक दिया। जिससे सिकंदर मुंडा के कमर, हाथ, पैर और छाती में गहरी चोट लगी है। उधर, घटना देख ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया, जिससे हाथी डरकर वहां से भाग गया। उधर, हाथी के गांव में आने के सूचना पर शादी घर में अफरा तफरी मच गयी। घटना की सूचना पाकर जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया एवं हेसातू मुखिया अनिता बारला सिकिदीरी भादरभांगा गांव पहुंचे और जंगली हाथी के हमले से घायल सिकंदर मुण्डा से मुलाकात की। उधर, ओरमांझी वन विभाग एवं सिकिदीरी थाना को सूचना देकर एम्बुलेंस की व्यवस्था कर बेहतर ईलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जेएलकेएम केन्द्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया एवं हेसातू मुखिया अनिता बारला ने घायल युवक को उचित मुवाअजा देने की मांग की। मौके पर पूर्व मुखिया राजेश पहान, मनोज बेदिया आदि मौजूद थे।

# सीआइटी के पांच विद्यार्थियों का ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड में हुआ कैंपस सिलेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** रांची के कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के लिए एक गर्व का क्षण रहा, क्योंकि संस्थान के पांच विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनी ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से किया गया। मुंबई स्थित यह कंपनी रेलवे विद्युतीकरण, विद्युत पारेषण और वितरण जैसे तकनीकी कार्यों में अग्रणी मानी जाती है। सीआइटी के प्लेसमेंट निदेशक डॉ ए भट्टाचार्य ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को प्रारंभिक रूप में वार्षिक चार लाख रुपये का पैकेज



दिया जायेगा। इनका कार्यस्थल राजस्थान, गुजरात एवं महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पैन इंडिया स्तर पर होगा। चयनित विद्यार्थियों में सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के वीरेंद्र कुमार, कुमार रंजन, निशांत कुमार, आयुष सागर और इलेक्ट्रिकल ब्रांच के रंजन कुमार शामिल है। ये सभी 2021-25 बैच के छात्र है। कैंपस सिलेक्शन ड्राइव के दौरान ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड की ओर से चीफ मैनेजर शीतल गादरे, एचआर हेड मन्नान आसार एवं एचआर मैनेजर अंकिता जलके उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर प्रदीप करमाली एवं कौशिक चटर्जी आदि मौजूद थे। इस उपलब्धि पर कैंब्रिज ट्रस्ट की चेयरपर्सन जानकी देवी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आरकेडीएफ विवि में उत्कृष्टता नेतृत्व कार्यशाला आयोजित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय (विवि) में मंगलवार को एक दिवसीय एक्सीलेंस लीडरशिप वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश में कॉर्पोरेट नेतृत्व के क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त पुलक सतीश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वर्तमान में टेरास्पैन कंपनी के बिजनेस हेड के पद पर कार्यरत सतीश इससे पूर्व हैवेल इंडिया, फिलिप्स और ए रोबोट इंडिया जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में सीओओ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है। कार्यशाला के संयोजक डॉ पंकज चटर्जी ने अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि टेरास्पैन, ऑप्ट्रा का एक अंग है। जिसकी स्थापना फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक विन्नी बंसल ने की थी। यह स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर फैशन,



होम वेयर, किचनवेयर व इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स के विस्तार में सहयोग करता है। कार्यशाला में पुलक सतीश ने विश्वविद्यालय के एमबीए, बीबीए एवं बीबीएएचएम पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को लीडरशिप एक्सीलेंस और कॉरपोरेट सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट नेतृत्व वह प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति न केवल लोगों को प्रेरित करता है, बल्कि उन्हें संगठन के उद्देश्यों की ओर सही दिशा में अग्रसर भी करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय की पाबंदी, टीमवर्क, स्मार्ट कार्यशैली, दबाव में काम करने की योग्यता, आत्मचिंतन और आलोचना को सकारात्मक रूप में लेने की सलाह दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस. चटर्जी ने सतीश का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे वैश्विक अनुभव से परिपूर्ण नेतृत्वकर्ता का हमारे बीच होना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। कुलसचिव डॉ. अमित पांडे ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के करियर निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी।

# मजदूरों को काम देने से ही क्षेत्र का विकास संभव : बीडीओ



मुरतो पंचायत भवन में हुई साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के मुरतो पंचायत भवन में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें मनरेगा आवास सहित अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यकता अनुसार कई दिशा निर्देश भी दिए गए। बैठक के बाद बीडीओ की अगवाई में मूरतो पंचायत के डाड़ कंडरिया ग्राम में गिरधारी उरांव के आम बागवानी का गड्ढा खोदाई का शुभारंभ हुआ। बीडीओ राहुल उरांव ने खुद गड्ढा खोदकर शुभारंभ किया। उनके साथ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की भी गड्ढा खोदने में शामिल थे। इससे पूर्व बैठक के दौरान बीडीओ ने कहा कि शत प्रतिशत अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में काम और डिमांड करना सुनिश्चित किया जाए। समय पर आवास को पूर्ण किया जाना अति महत्वपूर्ण है। मनरेगा से संबंधित समीक्षा के कर्म में कहा कि मानव दिवस सृजन, योजनाएं पूर्ण कर एमआईएस में क्लोज करने के साथ ही रिजेक्ट ट्रांजैक्शन और सभी पैरामीटर में सुधार लाने की हिदायत दी। मनरेगा आवास के अतिरिक्त 15 वित्त, कृषि, पशुपाल, कल्याण विभाग सहित अन्य सभी विभागों की समीक्षा की गई एवं कई निर्देश दिए गए। उन्होंने मनरेगा के तहत प्रति ग्राम पांच-पांच योजनाओं का संचालन एवं प्रति पंचायत 150-200 मजदूरों का डिमांड करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। यह जरूरी है क्योंकि इसी के जरिए हम अपने मानव दिवस सृजन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, मुखिया सुनीता सोरेन ने बीडीओ सहित सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों का अपने पंचायत में स्वागत किया। साथी पंचायत में चलने वाली योजनाओं के संबंध में कई जानकारियां भी दी। समीक्षात्मक बैठक के दौरान बीडीओ ने सेवन रजिस्टर एवं कई योजनाओं के अभिलेख का निरीक्षण किया। मौके पर सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनिय अभियंता सद्दाम हुसैन अंसारी, अभय आशीष कोया, लेखपाल अभय खलखो, भारत स्वांसी के अतिरिक्त सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लाभुक आदि उपस्थित थे।

# सपा की बैठक में जिला कमेटी का हुआ विस्तार तौफीक अध्यक्ष एवं परवेज आलम बने उपाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** सिमलिया स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय में मंगलवार को सपा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी ने की। इस दौरान बैठक में पार्टी का विस्तार किया गया। इसमें रांची जिला कमेटी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से मोहम्मद तौफीक अंसारी को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष चुना गया। जबकि परवेज आलम को जिला उपाध्यक्ष



बनाया गया है। इसके अलावा सऊद आलम को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कमेटी के विस्तार के बाद सदस्यता अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज ओहदार, प्रदेश महासचिव मुस्लिम फैजी, सुरेंद्र कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष रामप्रसाद गोप के अलावा युवजन के जिला अध्यक्ष सिद्दीक अंसारी, मुस्ताक अंसारी, आशिक अंसारी और इम्तियाज अंसारी आदि शामिल थे।

## ठनका गिरने से मौत

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत अतर्गत बदरी गांव के टोला भुकभुकिया में मंगलवार को हुई बारिस के समय ठनका गिरने से झरिया मुंडाक व्यक्ति की गाय की मौत हो गयी। झरिया मुण्डा अपने मवेशियों को खेत में खूंट कर काम कर रहा था। इसी बीच अपराह्न तीन बजे जोर से बादल गरजने के साथ ठनका गिरा, जिसीक चपेट में आने से खेत में चर रही गाय की मौत हो गयी। झरिया मुण्डा मुआवजे की मांग की है।

## इटकी में युवक ने की आत्महत्या

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रानीखटंगा गांव निवासी भीम महली नामक 35 वर्षीय युवक ने फंदे में झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना सोमवार देर रात की है। मंगलवार की सुबह सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक भीम महली रात का खाना खाने के बाद अपने कमरा में सोने चला गया। मंगलवार की सुबह देर तक कमरा बंद था। परिजनों ने उसे आवाज देकर उठाना चाहा पर अंदर से कोई आवाज नहीं आयी। इस पर किसी अनहोनी की आशंका को लेकर परिजनों ने मकान में लगे ऐसबेस्टस हटा कर देखा तो भीम महली का शव लटकता पाया गया। आनन-फानन में लोगों ने उसे फंदे से उतारा तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा कि मृतक भीम महली किसी बात को लेकर तनाव में रहता था और शराब का सेवन अधिक करता था।

## रातू स्वास्थ्य केंद्र से परिवार नियोजन को लेकर सारथी रथ रवाना

**रातू (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मंगलवार को मिशन परिवार विकास अभियान 2025 के तहत जागरूकता के लिए सारथी रथ रवाना किया गया। प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, बीडीओ शैलेंद्र कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुजीत कश्यप ने संयुक्त रूप से रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रातु अंतर्गत सभी गांवों में परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधन अपनाने संबंधित प्रचार-प्रसार किया जाना है। मौके पर डॉ सुजीत कुमार कश्यप, डॉ प्रीति, डॉ सौम्या, सांसद प्रतिनिधि शिवपूजन साहू, जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि, बीपीएम वैशाली कृष्णा, बीएम अभिषेक तिवारी आदि थे।

# डीएवी किड्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने फन स्पॉट वाटर पार्क में की मस्ती

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** ककरिया डीएवी किड्स पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने मंगलवार को फन स्पॉट वाटर पार्क में यादगार दिन बिताया। गर्मी के बीच आयोजित इस मनोरंजक यात्रा में बच्चों ने वाटर पार्क के विभिन्न रोमांचक राइड्स और गतिविधियों का जमकर आनंद लिया। रंग-बिरंगे स्विमिंग कॉस्ट्यूम में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चे उत्साहित होकर वाटर स्लाइड्स पर फिसलते और पूल में खेलते नजर आए। पानी की फुहारों और रोमांचक झूलों ने बच्चों की खुशी को दोगुना कर दिया।




अध्यापिकाओं ने भी बच्चों के साथ मिलकर खूब मस्ती की और उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा। स्कूल के निदेशक प्रवीण कुमार ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह ना केवल उन्हें दैनिक पढ़ाई के तनाव से मुक्ति दिलाती हैं, बल्कि आपस में मिलजुल कर खेलने और टीम भावना को भी बढ़ावा देती हैं। फन स्पॉट वाटर पार्क में बच्चों की खिलखिलाती हंसी और उत्साह देखते ही बन रहा था। इस मौके पर प्रधान अध्यापिका विनीता कुमारी, शिक्षक वीरेंद्र साहू शिक्षिकाएं अंजू बाला, अनुराधा अंजलि, सुरभि, सुषमा, सुमन, सुधा कपिल मौजूद थे।

# फरार मोस्ट वारंटी को पिठोरिया पुलिस ने दबोचा

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मोस्ट वांटेड वारंटी मोहम्मद कुर्बान उर्फ कुर्बान खान (35) को थाना प्रभारी अभय कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर रातू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। वर्तमान में वह पिठोरिया थाना क्षेत्र से फरार चल रहा था और रातू थाना क्षेत्र में छिपकर रह रहा था। हालांकि उसके रातू में छिपे होने की सूचना पर पुलिस ने दबोच लिया। बतातें चलें कि पिठोरिया पुलिस ने न्यायालय की ओर से निर्गत गिरफ्तारी वारंट के आलोक में यह कार्रवाई की है। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि कुर्बान खान एक कुख्यात भू माफिया है, जिनके विरुद्ध पिठोरिया थाना क्षेत्र में 20 से अधिक वारंट पूर्व से लंबित था। उनकी गिरफ्तारी के माध्यम से थाना प्रभारी अभय कुमार ने स्पष्ट किया है कि जो भी व्यक्ति जमीन के अवैध खरीद फरोख्त, ठगी एवं जालसाजी में संलिप्त हैं। वे बख्शे नहीं जाएंगे। उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीक को अपनाने का आह्वान



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी स्थित दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित वैज्ञानिकों का दो दिवसीय कार्य योजना पर वार्षिक कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यशाला में आईसीएआर अटारी जोन चार के निदेशक डॉ अंजनी कुमार, प्रधान वैज्ञानिक डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ डीवी सिंह, डॉ मनोबुल्लाह, डॉ जगन्नाथ उरांव, प्रसार निदेशक वीएयू रांची, स्वामी भवेशानन्द सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी एवं राज्य के सभी 23 केवीके के वरीय वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में वैज्ञानिकों को वार्षिक योजना में कृषि की मूल समस्या को ऑन फार्म ट्रायल-प्रत्यक्षण-प्रशिक्षण आदि क्का निराकरण कर किसानों की आमदनी को बढाने का आह्वान किया। साथ ही वैज्ञानिकों को जिले की थ्रस्ट ऐरिया का पहचान कर वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित करने को कहा गया। इस कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्रों को जिले की अद्यतन डाटा के अनुरूप कार्ययोजना बनाने एवं कर्य रूप देने सम्बंधित उचित दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिंह आदि थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रविन्द्र कुमार सिंह ने किया।

# जिस राज्य का राजा जैसा, उसकी प्रजा भी वैसी होगी : पंडित अतुल महाराज

## कुच्चू में आयोजित महायज्ञ के छठे दिन पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद बीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू स्थित जगदंबा शिव संकट मोचन मंदिर में आयोजित श्री श्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के छठे दिन मंगलवार को भारी संख्या में भक्त पहुंचे थे। इसी क्रम में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम, शंभू पटेल, आनंद देव, कुन्टू बाबू, विजय जयसवाल, शैलेश सिंह, वरूण सिंह, जैलेंद्र कुमार, रामाकांत महतो, ललीत ओझा, सुमन सिंह, मृत्युंजय शर्मा, अशोक यादव, राहुल चौधरी, ब्रजेश चन्द्र विद्यार्थी, नंदू अग्रवाल और संजीव अग्रवाल आदि पहुंचे थे। जिनका राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद





सभास्थल पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को मां दुर्गा की प्रतिमा देकर सम्मानित करते राज्यसभा सांसद आदित्य साहू। मौके पर मौजूद जैलेंद्र कुमार एवं अन्य।

साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी औवं आयोजन समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र एवं मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर रंधीर चौधरी, अमरनाथ चौधरी, चम्पा देवी जयगोविंद साहू, मानकी राजेंद्र साही, दिलीप मेहता, राजेश गुप्ता, दीपक बड़ाइक, भीम मुंडा, शिव कुमार मेहता, संतोष गुप्ता, संजीव तिवारी, शंकर महतो, चतुर साहू, विक्रांत तिवारी, राजकिशोर साहू, अलखनाथ महतो, रामोतार लाल गुप्ता, रामवृक्ष महतो, कुंदन साहू, प्रकाश महतो, रूपेश साहू, आनंद महतो, बालक महतो, राजधाम साहू आदि उपस्थित रहे। उधर, कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने माता जानकी की जन्म पर प्रकाश डाला। कहा कि मां जगदंबा की सुंदरता का वर्णन नहीं किया जा सकता। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्य का प्रसंग सुनाते हुए अतुल जी महाराज ने कहा कि जिस राज्य का राजा जैसा होगा, उसकी प्रजा भी वैसी ही होगी। हम सबके मन में राम बसे हैं। खुद को सुंदर और सहनशील बनाएं। एक समय था जब नेपाल भारत में मिलना चाहता था। अगर उस समय भारत में मिला लिया जाता तो अयोध्या और जनकपुर साथ होते। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष पूर्व लोकसभा सांसद रामटहल चौधरी, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, अरविंद प्रसाद, संजय कुमार, अंकित राज, रंधीर चौधरी, नागेन्द्र साहू, प्रेम कुमार, कृष्णा महतो, बालक महतो, भरत गुप्ता, अमित कुमार, शशि भूषण, कुलदीप कुमार, दिलेश्वर साहू, रविन्द्र महतो, दिलीप भंडारी, आशीष साहू, विजय आनंद, चंद्र भूषण मेहता आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# संविधान बचाओ महारैली में हजारों की संख्या में शामिल हुए गुमला के कांग्रेसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** रांची के पुराना विधानसभा के समीप धुर्वा में अयोजित संविधान बचाओ महारैली में जिला अध्यक्ष चैतू उरांव के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ का हुजूम शामिल हुआ। चैतू उरांव ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रदेश के राजू पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल झारखंड प्रदेश सह प्रभारी डॉक्टर वेला प्रसाद सहित कई प्रमुख लोगों के विचार सुन कर आगे की रणनीति बनायी जायेगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के कांग्रेसी नेता एवं झारखंड के लाखो कार्यकर्ताओ की उपस्थिति ये बता रही थी कि हर एक भारतीय नागरिक बाबा साहेब आंबेडकर के संविधन में विश्वास रखता है और उसे बचाना चाहता है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जननायक राहुल गांधी ने कहा था कि मैं जातीय जनगणना करा कर रहूंगा और आज उनका सपना साकार हुआ। केंद्र सरकार को आखिरकार झुकना ही पड़ा। देश की जनता की जीत हुई। भाजपा में जितने भी नेता थे या है किसी ने देश के लिए कुबार्नी नहीं दी। ये लोग बाबा साहब के संविधान को हमेशा कुचलने का काम कर रहे हैं। उनके नेता दलित आदिवासी अल्पसंख्यकों को पैरों तले रौंद रहे हैं। प्रतिदिन संविधान का उल्लंघन किया जा रहा है झारखंड प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि केंद्र अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन से झारखंड के कार्यकर्ता में जोश और उमंग देखने को मिला संगठन सृजन के तहत कार्यकर्ता उमंग के साथ पंचायत से लेकर बूथ तक कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। मौके पर उपस्थित प्रदेश सचिव रोशन बरवा जिला महासचिव फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, लोहरदगा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि मनीष हिंदुस्तान जिला सचिव तरूण, अजीत गुड़िया, जहांगीर अंसारी, सेवादल जिला अध्यक्ष कलाम आलम, कामगार जिला अध्यक्ष मुख्तार आलम, युवा अध्यक्ष आजाद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष साबिर फरास, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर जारी प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुजूर रायडीह प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर डुमरी प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष निरंजन वाडा, घाघरा प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे, बिशनपुर प्रखंड अध्यक्ष राजीव महतो, सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी, भरनो प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव, बसिया प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू कामडारा प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेटटा अमर कुजूर, मुख्तार आलम अगूस्टिन कुजूर, अल्बर्ट कुजूर, नसीम ताज, जिला के भारी संख्या में पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

# चमरा लिंडा ने सिरसी ता नाला विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डुमरी।** झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा गुमला जिले के डुमरी प्रखंड में स्थित सिरसी ता नाला क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर निरीक्षण करने गुमला पहुंचे। अपने दौरे में मंत्री ने संबंधित विकास स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर स्थानीय प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर उन्होंने चैनपुर के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) तथा थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा कर विकास कार्यों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। मंत्री श्री लिंडा ने स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद स्थापित किया और क्षेत्र में प्रस्तावित विकास योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि संबंधी मामलों पर चर्चा की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी ग्रामीण को इन कार्यों से कोई आपत्ति न हो और उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त हो। ग्रामीणों ने भी सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री ने विश्वास जताया कि सिरा सीता सी नाला क्षेत्र की यह विकास परियोजना गुमला जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी।

# वज्रपात की चपेट में आने से युवती की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** बिशनपुर थाना क्षेत्र के देवरा गानी निवासी 23 वर्षीय युवती बेनामी कुमारी की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गयी। मंगलवार दिन के 2 बजे सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी देते हुए पिता एतवा मुंडा ने बताया सोमवार की शाम बेटी घर से बारी जा रही थी बारी में प्याज टमाटर ओर अन्य सब्जी लगाया गया है। उसके साथ नाती विवेक मुंडा भी था तभी बारिश होने लगी। दोनों रास्ते में धर्मा उरांव के खाली घर में बच रहे थे तभी अचानक वज्रपात हुआ और दोनों वज्रपात की चपेट में आ गये और दोनों जमीन पर गिर गये। विवेक मौसी से कुछ दूर पर खड़ा था। बिजली के झटका से वह भी जमीन पर गिर गया बेहोश हो गया। कुछ देर के बाद विवेक को होश आया मौसी को जमीन पर पड़ा देखा तब दौड़ते हुए घर पहुंचा और घटना की जानकारी लोगों को दी। सभी लोग दौड़े दौड़े आये और बेनामी को उठाकर घर ले गये। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना में उसका पैर जलकर काला हो गया था। वही शरीर के कई हिस्से भी झुलस गये थे। घटना की सूचना पर बिशुनपुर थाना की पुलिस गांव पहुंची और शव का पंचनामा किया।

# डंपिंग यार्ड का लाइसेंस लेकर नदी से बालू चोरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के डुको शिकवार गांव में डंपिंग यार्ड के आड़ में चल रहा है अवैध बालू का कारोबार, सरकार को करोड़ों रुपया का राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा। लक्ष्मी नारायण जायसवाल सिसई निवासी के द्वारा डंपिंग यार्ड का लाइसेंस लेकर कोयल नदी से बालू चोरी करके रांची के बाजारों में खुलेआम बालू बेचने का काम कर रहा और करोड़ों रुपया का अवैध मुनाफा कमा रहा है, जिसके कारण सरकार को करोड़ों रुपया का राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। लक्ष्मी जयसवाल के द्वारा चेगरी कोयल नदी से पूरे रात ट्रैक्टर लगाकर बालू का चोरी किया जाता है और डंपिंग यार्ड में स्टॉक कर लिया जाता है। अवैध बालू के स्टॉक को वैध को बनाने के लिए जेएसएमडीसी से चालान लेकर उसी के आधार पर अपना डंपिंग यार्ड का चालान जेनरेट करके रांची के बाजारों में बालू भेजवाया जाता है, इतना ही नहीं एक चालान पर पूरे दिन से लेकर रात होने तक एक हाईवा तीन से चार ट्रिप बालू चोरी करके ले जाता है। माफियाओं का मन इतना बड़ा हुआ है कि प्रशासन का तनिक भी खौफ नहीं है। रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक बेखौफ बालू की तस्करी की जाती है। सवाल यह है कि यह माफिया अवैध बालू का तस्करी लगातार कई महीनो से कर रहा है लेकिन जिला खनन अधिकारी या संबंधित कई अधिकारी चुपी साधे बैठे हैं। जो प्रशासन की मिलीभगत होने को दर्शाता है।

**ग्रामीणों के विरोध के बाद भी नहीं रुकता तस्करी :** अवैध बालु का चोरी कोयल नदी से किया जाता है जिसका विरोध ग्रामीण करते हैं ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों का विरोध के बावजूद भी बालू माफिया इस काम को और तेजी से कर रहा है, बालू माफिया लक्ष्मी नारायण गांव में बोलता है कि ऊपर से नीचे तक प्रशासन को हम मैनेज किए हैं। हमें कोई दिक्कत नहीं है तुम लोग को जो बोलना है बोलो,बालू की चोरी होते रहेगी। ग्रामीणों का आरोप है कि जब इस इलाके में बालू घाट का संचालन नहीं होता है तो फिर बालू का उठाव कैसे एक माफिया कर सकता है निश्चित रूप से प्रशासन की मिली भगत है।

**जेसीबी ऑपरेटर ने बताया चेगरी कोयल से होता है बालू का उठाव :** डंपिंग स्टॉक यार्ड में लक्ष्मी नारायण जायसवाल का जेसीबी चलाने वाला ऑपरेटर पिंटू ने स्वीकार किया कि बालू का अवैध उठाव चेगरी कोयल नदी से किया जाता है। और इस बालू को जेसीबी से हाईवा में लाद कर रांची भेजने का काम किया जाता है।

## कभी-कभी कोयल से कुछ लोग ले आते है हम बोलते नहीं है उठाने : लक्ष्मी जायसवाल

इधर डंपिंग स्टॉक यार्ड के संचालक लक्ष्मी नारायण जायसवाल से उनका पक्ष पूछा क्या कि आपके उपर आरोप है चेगरी कोयल नदी से बालू उठाव करके अवैध तरीके से कारोबार करने का तो उन्होंने कहा कि कभी-कभी कुछ लोग उठ कर ले लाता है नदी से, लाने तो नहीं बोलते हैं लेकिन ट्रैक्टर वाला लोग निकाल कर ले लाता है। लेकिन थोड़ा इसको देख लीजिए मैनेज कीजियेगा।

# प्रज्ञा केंद्र संचालक पर पैसे निकासी का लगाया आरोप, जांच की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**डुमरी।** मुख्यालय स्थित प्रज्ञा केंद्र से अवैध राशि निकासी का मामला प्रकाश में आया है। इसके पूर्व भी इस दुकान के संचालक द्वारा पीड़ितों का अवैध राशि निकासी का मामला आ चुका है। दो चार दिन पूर्व में ही अकासी निवासी सबिता टोप्पो के खाते से 19,585 रुपया निकासी का मामला आया था। पीड़िता ने गुमला थाना में आवेदन देकर कारवाई करने की मांग की गयी थी। थाना द्वारा दोनों पक्षों को समझौता करा कर पीड़िता को पैसा वापस कराया गया उसके एक दो दिन बाद ही उसी अकासी ग्राम का मामला आया है। अकासी ग्राम निवासी पीड़िता स्वानी मिंज है जो इस मामले को लेकर डुमरी थाना में आवेदन दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि 6 मई को डीके इलेक्ट्रॉनिक पैसा निकासी करने के लिए गयी थी जिसका संचालक धीरज केशरी है। वहां ठेपा लगवाया और पैसा नहीं होने की बात कही उसके बाद मैने दूसरा प्रज्ञा केंद्र जाकर खाता की जांच करायी तो पता चला कि मेरे खाते से 7500 रुपये की आज के तिथि में पैसा की निकासी दिख रहा है और खाता में पैसा नहीं है। उम्मीद है कि उसी ने मेरे खाते से अवैध निकासी कर ली है। थाना में आवेदन देकर कारवाई करने की मांग की गयी है।

# विद्यालय की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए बीडीओ को लिखा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** झारखंड आवासीय विद्यालय चैनपुर ने प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर को पत्र लिखकर विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने का अनुरोध किया है। पत्र में विद्यालय ने बताया है कि उन्हें एक और हैंडपंप या बोर की आवश्यकता है, क्योंकि वर्तमान में केवल एक ही हैंडपंप है जो कभी-कभी खराब हो जाता है। इसके अलावा विद्यालय की चारदीवारी में कंटीले तार लगाने, विद्यालय से मुख्य सड़क तक पक्की सड़क बनाने, गार्ड शेड बनाने, शुद्ध पानी पीने के लिए आरो खरीदने के लिए फंड उपलब्ध कराने और किचन में दरवाजा बनाने की आवश्यकता है। विद्यालय ने यह भी बताया है कि होस्टेल आने-जाने हेतु एक दरवाजा की आवश्यकता है, जो नहीं है। विद्यालय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से नम्र निवेदन किया है कि इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। पत्र की प्रति उपायुक्त, गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर और जिला परिषद् सदस्या को भी भेजी गयी है। जिसपर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय की मुख्य समस्याओ का जिक्र करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा को अवगत करते हुए जल्द ही इसके निराकरण की मांग की हैं, साथ ही कहा कि विद्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने से छात्रों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# पंचायत सहायकों ने बीडीओ से की शिष्टाचार मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सदर प्रखंड गुमला के सभी सक्रिय पंचायत सहायकों ने अपना पहला मानदेय भुगतान की खुशी में मंगलवार को सदर प्रखंड के बीडीओ अशोक चोपड़ा के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर प्रखंड अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह के नेतृत्व में मुलाकात करते हुए सदर प्रखंड के 25 पंचायत के सभी पंचायत भवन में प्रत्येक कार्य दिवस के दिन ग्राम पंचायत के आम नागरिक के लिए कार्य दिवस के प्रत्येक दिन प्रात 10 बजे से लेकर 5 बजे तक खुला रखने हेतु सभी पंचायत सचिव को बीडीओ के द्वारा आदेश दिया गया। साथ ही पंचायत के कार्यों की जिम्मेवारी भी सौंपने की बात कही। मौके पर गौरी शंकर सिंह, मेराज आलम, रसीद अली, दिलीप साहू,सुरेश कुमार मिस्त्री, आरती देवी, नीतू कुमारी, रीना बाखला, कांति कुमारी, अशोक साहू, अमन कुमार सिंह, घनशुराम साहू, विनोद उरांव, सहित कई पंचायत सहायक कर्मी मौजूद थे।

# नप की लापरवाही, छठ तलाब में डूबने से नाबालिग छात्र की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गमला।** गुमला शहर के गौस नगर निवासी नुसरत खातून का 8 वर्षीय पुत्र अल्तमस राय की मौत शहर के सिसई रोड स्थित छठ तालाब में डूबने से हो गयी।

घटना मंगलवार की दोपहर 11:30 बजे की है। मासूम की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। मां नुसरत खातून ने बताया मदरसा में पढ़ाई कर घर लौट के बाद 10 रुपये देकर कुछ खरीद लेने व घर पर रहने की नसीहत दी थी साथ ही तालाब की ओर जाने से मना किया था क्योंकि पूर्व में भी तालाब में डूब कर एक मासूम की मौत हो गयी थी। लेकिन बच्चा तालाब की ओर चला गया। देर तक नहीं लौटने पर घर के लोग उसे ढूंढने तालाब की ओर गये तो देखा कि नहा रहे कुछ बच्चे उसके शव को पानी से निकल रहे हैं। इसके बाद जीवित होने की आस को लेकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव को घर लेकर आए लेकिन पुनः अस्पताल ले गए और शव का पोस्टमार्टम कराया।

मासूम की मौत के बाद परिजनों ने घटना के लिए नगर परिषद को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों को कहना था कि तालाब में पूर्व में भी हादसा हो चुका है। नगर परिषद से मांग किया गया था कि तालाब का चाहरदिवारी जो टूटा हुआ है उसे बंद किया जाए। आश्वासन के बाद भी उसे बंद नहीं किया गया था।

इधर मासूम की मौत को लेकर अधिवक्ता सह जिला कांग्रेस समिति विधि विभाग के जिला अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने नगर परिषद कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्वी गौस नगर के मोहम्मद वाहिद के पुत्र की मृत्यु तालाब में डूबकर हो गयी थी। तालाब के पीछे बाउंड्री को बंद करने का आश्वासन नगर परिषद ने दिया था लेकिन बंद नहीं किया गया। अगर नगर परिषद गंभीरता से इसका समाधान करती तो आज यह घटना नहीं होती। यदि अविलंब तालाब के उत्तर तरफ तोड़ा गया बाउंड्री को सील नहीं किया गया और तालाब के गेट में सुरक्षा कर्मी की व्यवस्था नहीं की गई तो नगर परिषद के कार्यालय का तालाबंदी किया जायेगा।

## स्पोर्ट्स



झारखंड बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में गतका टीम सेमीफाइनल में पहुंची। झारखंड के सीडीएम तुषार राय की मौजूदगी में झारखंड गतका की टीम बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स : झारखंड को साइक्लिंग में दो स्वर्ण पदक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय एवं युवा मामले, भारत सरकार द्वारा 4 मई से 14 मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में दूसरे दिन नयी दिल्ली में आयोजित साइक्लिंग टीम ने दो स्वर्ण पदक जीता।

### साइक्लिंग

ट्रेड साइकिल स्पर्धा में बालक वर्ग स्प्रिंट स्पर्धा में अर्जुन कुमार, विकाश कुमार, निखिल लोहरा, पृथ्वी राज सिंह की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वहीं टीम स्पर्धा बालिका वर्ग में संजू कुमारी, सिन्धु लता, सबीना कुमारी की चौकड़ी ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### गतका

गया में चल रहे गतका प्रतियोगिता में झारखंड के सीडीएम तुषार राय की मौजूदगी में झारखंड गतका की टीम बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बालिका जेबा नाज, साक्षी श्रीवास्तव एवं काजल कुमारी क्वार्टर फाइनल में पंजाब को एवं बालक तरुण कुमार, वेदांत भारद्वाज एवं रणवीर ठाकुर ने मध्य प्रदेश को हराकर अपनी जगह सेमीफाइनल में बनायी।

इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, सांसद विजय हांसदा, खेल निदेशक संदीप कुमार, उपनिदेशक राजेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी चतरा सह चीफ डी मिशन तुषार राय, साझा के मणिकांत , देवेंद्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार पाठक, रणवीर सिंह,चंद्र बहादुर सिंह, राजकुमार मेहता, सतविंदर कौर समेत खेल विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी।

# आइपीएल : पंजाब के साथ मुकाबले के लिए धर्मशाला पंहुची दिल्ली की टीम

**धर्मशाला (आजाद सिपाही)।** धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आठ मई को होने वाले दूसरे आइपीएल मुकाबले के लिए मेहमान दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार दोपहर बाद धर्मशाला पहुंची। मेजबान पंजाब किंग्स से टक्कर लेने के लिए अक्षर पटेल की सेना केएल राहुल और अन्य खिलाड़ियों के साथ दिन में करीब दो बजकर 40 मिनट पर गगल एयरपोर्ट पर पंहुचे। एयरपोर्ट से टीम के खिलाड़ियों को विशेष बसों द्वारा सीधा धर्मशाला के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू ले जाया गया। एयरपोर्ट और होटल पंहुचने पर दिल्ली की टीम का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। गौर हो कि दिल्ली कैपिटल्स आठ मई को धर्मशाला में मेजबान पंजाब किंग्स के साथ अपना मैच खेलेगी। यह मैच आठ मई को शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

पंजाब की टीम धर्मशाला में बीते चार मई को खेले गए मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा कर पॉइंट टेबल में दूसरे स्थान पर पंहुच गयी है। दिल्ली की टीम का बीते दिन हैदराबाद के साथ मुकाबला ड्रा रहा जिसके चलते वह अभी भी पांचवें स्थान पर बनी हुई है। वहीं, दूसरी ओर मेजबान पंजाब किंग्स लखनऊ को हराने के बाद अपने होम ग्रांउड धर्मशाला में उत्साह से लबरेज है।

# बिजली चोरी के आरोप में आठ पर नामजद प्राथमिकी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर बिजली विभाग के द्वारा दर्जनों स्थानो में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग द्वारा सहायक विद्युत अभियंता हरि उरांव के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने सदर प्रखंड के डूमरडीह स्थित नेवा टोली और पुग्गु में आठ लोगों को बाइपास और एलटी से टोंका लगाकर बिजली चोरी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है। जिन लोगो पर प्राथमिकी व जुमार्ना लगाया गया है उनमें पुग्गु के राहुल उरांव जुर्माना की राशि 11 हजार 360 रुपये, मो शरीफ जुर्माना की राशि 11 हजार 650 रुपये, प्रकाश साहू 9709 रुपये, बंदी तिर्की 9709 रुपये, रोडोल तिर्की 9709 रुपये, राजन बिपिन किंडो 9709 रुपये, मोरिष मिंज 11 हजार 360 रुपये शामिल है।

# होटल सेलिब्रेशन इन में पंजाब पुलिस की उपस्थिति रहा चर्चा का विषय

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला बाइपास रोड स्थित होटल सेलिब्रेशन इन में मंगलवार को पंजाब पुलिस और गुमला पुलिस की उपस्थिति एक बार फिर से चर्चा का विषय बना रहा। ज्ञात हो कि नशीले पदार्थ के कारोबार मामले में पिछले पांच जुलाई 2024 को होटल सेलिब्रेशन इन के मालिक कमल सिंह को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मंगलवार को पंजाब पुलिस के अधिकारियों को देखकर फिर से छापामारी की चर्चा होने लगी। इस संबंध में एसपी शंभु कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार होटल मालिक कमल सिंह को पंजाब पुलिस पैरोल में लेकर आया है। शायद उसके घर में कोई शादी समारोह है। जिसमें शामिल होने के लिए पैरोल में लाया गया गया है।

## बबलू बनर्जी बने बाघमारा के विधायक प्रतिनिधि



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने मंगलवार को अपने करीबी सहयोगी कतरास के रानी बाजार निवासी समाजसेवी बबलू बनर्जी को बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धनबाद नगर निगम के वार्ड एक से 5 तक का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उन्हें पांचों वार्ड के विकास में तेजी लाने का जिम्मा सौंपा है। उधर, बबलू बनर्जी को विधायक प्रतिनिधि बनायें जाने पर पार्टी के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधि ने पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि वह अपने क्षेत्र की विकास संबंधी कार्यों एवं समस्याओं का निष्पादन सुगम तरीके से करेंगे ।उन्हें उचित प्रारूप देने का प्रयास करेंगे। मौके पर कतरास भाजपा के दर्जनों लोग मौजूद थे

## यूपी के सोनभद्र में सम्मानित हुई धनबाद की बेनजीर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में विगत चार मई को प्रगति फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय रक्त क्रांतिवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद के रेड क्रॉस समिति की नोडल पदाधिकारी (ब्लड) बेनजीर परवीन को रक्तदान एवं समाज के प्रति किए गए सेवा के लिए क्रांतिवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित 18 राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल एवं भूटान से आए रक्तदाताओं ने भाग लिया। बेनजीर परवीन ने बताया कि यह सम्मान मुझे नहीं, बल्कि झारखंड के भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद जिले को मिला है जिसे लेने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेंद्र सिंह ने बताया बेनजीर को यह सम्मान मिलने से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद में खुशी की लहर है।

# युद्ध जैसी स्थिति से निपटने को लेकर बोकारो और गोमिया में होगी मॉक ड्रिल

## बजेगा सायरन, होगा राहत कार्य, अग्निशमन-ब्लैकआउट जैसी स्थिति भी होगी उत्पन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 लोगों की हत्या किये जाने के बाद से भारत-पाकिस्तान में युद्ध जैसे हालात उत्पन्न हो गये हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तन से अपने सभी तरह के रिश्ते फिलहाल खत्म कर दिये हैं। युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार के निर्देश पर बुधवार को देशभर के 244 चिन्हित जिलों में मॉक ड्रिल आयोजित होने जा रहा है। इसी



क्रम में बोकारो जिले में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। जिला जनसंपर्क विभाग के सूचना भवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार बोकारो स्टील प्लांट क्षेत्र एवं गोमिया के आईईएल प्लांट क्षेत्र में मॉक ड्रिल होना है। इसका मकसद यह जांचना है कि युद्ध के दौरान मिसाइल हमले या हवाई हमलों के दौरान आम जनता अपनी की सुरक्षा को लेकर कितना जल्दी सक्रिय हो सकती है। मॉक ड्रिल में युद्ध के वास्तविक हालात जैसे दृश्य बनाया जाएगा। मसलन हवाई हमले के सायरन बजेंगे, शहरों की बिजली बंद की जाएंगी। आम लोग शरण लेने का अभ्यास करेंगे और आपातकालीन सेवाएं तुरंत हरकत में आएंगी। इस मॉक ड्रिल का मकसद अफरा-तफरी से बचाव, घबराहट को कम करना और जानें बचाना है। डीसी ने लोगों से अपील की है कि यह वास्तविक आपदा नहीं हैं, कृप्या घबराएं नहीं। अपराह्न चार बजे से सात बजे तक जहां हैं वहीं सुरक्षित रहें। कार्य स्थान या घर पर जिला प्रशासन का सहयोग करें। उक्त मॉक ड्रिल में स्थानीय प्रशासन, सिविल डिफेंस वार्डन, होम गार्ड्स, नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी), नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस), नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनयाईकेएस) और स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। इसको लेकर प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है।

# संविधान बचेगा तभी देश बचेगाः अनुपमा



अनुपमा सिंह के नेतृत्व में गाड़ियों का काफिला पहुंचा रांची, उत्साहित दिखे कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रांची में मंगलवार को आयोजित कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली में शामिल होने अनुपमा सिंह के निर्देश पर धनबाद जिले से सैकड़ों गाड़ियों का काफिला पहुंचा था। इस अवसर अनुपमा सिंह ने कहा कि संविधान बचाओ रैली का उद्देश्य संविधान को बचाने के साथ ही सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और न्याय का संदेश घर-घर तक पहुंचना है एवं जनता को जागरूक करना है। कहा कि संविधान खतरे में है। कांग्रेस संविधान की रक्षा और नागरिकों के अधिकारों के लड़ाई में पूरी मजबूती से खड़ी है। कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी, किसानों को नुकसान और महिलाओं, दलित आदिवासियों को अपमान ही दिया है। इसलिए जरूरत है संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होने है। क्योंकि जब संविधान बचेगा तभी गरीब, मजदूर, किसान और हर नागरिक का अधिकार बचेगा। रैली में शामिल होने वालों में सतपाल सिंह ब्रोका, जय प्रकाश चौहान, अन्नू पासवान, अच्क्षेयवर प्रसाद, मनुव्वर, विक्की कुमार, मंटू राय, संजय रजक, बिरजू बाऊरी, टिंकू कुमार, राजू बाऊरी, राहुल राय, दीपक रजवार, टीपू धनबादी, गोलडी सिंह, बबलू वसीम खान नमिता दास, तारा देवी, मजू दास, मीरा दास, देवंती देवी, सुनीता देवी, सारथी देवी, बसंती विश्वास और छाया देवी आदि शामिल थे।

## डालसा की मदद से दिव्यांग जनों को मिली ट्राइसाइकिल

**झरिया (आजाद सिपाही)।** झालसा के तत्वधान में आयोजित डोर टू डोर कैंपेन के तहत मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर टीम ने चार जरूरतमंद दिव्यांगों को ट्राईसाईकिल दिया। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि जिले में डालसा की टिम की ओर से घर-घर कैंपेन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को अधिकार



मित्र डिपेंटी कुमारी गुप्ता, हेमराज चौहान द्वारा घर-घर कैंपेन के दौरान झरिया में चार दिव्यांगों को चिन्हित किया गया था। दिव्यांग पेंशन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी झरिया अलका रानी, पर्यवेक्षिका शाशी प्रिया, राधा देवी, ऊषा कुमारी, शशि, पूनम लकड़ा, राजेश कुमार और डालसा सहायक राजेश कुमार सिंह की ओर से इनमें से तीन दिव्यांग को ट्राईसाईकिल एवं आंखों से सत प्रतिशत दिव्यांग को दिव्यांग प्रमाण पत्र, ब्लाइंड किट, वितरण किया गया।

## राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होंगे धनबाद जिले के तीन खिलाड़ी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 9 से 12 मई को महाराष्ट्र के देवली स्थित रामदास जी विदर्भ केसरी स्टेडियम में आयोजित जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के लिए धनबाद के तीन खिलाड़ी सृष्टि सिंह, मुस्कान गुप्ता, विवेक कुमार का झारखंड टीम में चयन हुआ है। जो झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह चयन 10वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता खूंटी में किया गया। इसी क्रम मे मिंटू ठाकुर जिला सचिव धनबाद ने कहा कि विगत दो वर्षो से कमेटी गठन के बाद अब तक कुल पांच खिलाड़ी नेशनल खेल चुके हैं। वर्तमान में जिला संघ कमेटी के पदाधिकारियों एवं ऑफिसियल कोच एनएसआई, बीपीइडी अनुभवी और प्रोफेशनल लोगों को कमेटी में जगह देकर जिला उत्थान में लगे हुए है। वहीं, जिला मुख्य कोच पप्पू कुमार उर्फ एसपी यादव धनबाद के कबड्डी खिलाड़ियों को एसपी क्लब में प्रशिक्षण दे रहे है जो धनबाद के प्रतिष्ठित विद्यालय जेके सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग में खेल शिक्षक में कार्यरत है। वहीं, जिला कबड्डी एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक टुंडी विधायक मथुरा महतो, राजीव रंजन महतो, राजीव श्रीवास्तव एवं चेयरमैन प्रदीप मंडल आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2025-26 जिसका पी0आर0संख्या– 351370 है। जिसमें निविदा प्रकाशन की तिथियों में निम्न संशोधन किया जाता है।

2. निविदा बिक्री की तिथि :– दिनांक 08.05.2025 से दिनांक 09.05.2025 तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 10.05.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 10.05.25 (अपराह्न 3.30 बजे)

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
कोडरमा

PR 351721 Rural Work Department (25-26)_D

## नौनिहालों के बीच प्रशासन-चिकित्सकों ने वितरित की पठन-पाठन की साम्रगी

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा 3 शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत स्थित पोटारी मध्य विद्यालय में मंगलवार को एसडीपीओ रजत मणिक बाखला एवं डॉक्टर रोहित गौतम की ओर से स्कूल के बच्चों को बैठने में हो रही असुविधा को देखते हुए दरी प्रदान किया। साथ ही झारखंड सरकार की ओर से विद्यालय को उपलब्ध कराया गया स्कूल बैग का भी वितरण किया गया। इस दौरान एसडीपीओ ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि बच्चों के बीच उपस्थित होकर अपना



बचपन याद आ जाता हैं। वहीं, जिला आरसीएस पदाधिकारी डॉक्टर रोहित गौतम ने कहा कि शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य पर भी बच्चों को ध्यान देना जरूरी है। इसलिए सरकार की ओर से समय समय पर दिए जा रहे कृमि, एनेमिया की दवा का सेवन अवश्य करें, ताकि बच्चे स्वस्थ रह सकें।

## तेनुघाट में शुरू हुआ निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण केंद्र

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)। बोकारो जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तेनुघाट में मंगलवार को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की गई है। जिसका संचालन धुरीना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। यहां जिले के छात्र-छात्राओं को तकनीकी और प्रायोगिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है। प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को ग्राफिक्स डिजाइनिंग, टैली (बेसिक से एडवांस स्तर तक), एमएस ऑफिस आदि का प्रशिक्षण देगा।**

## अंचल अधिकारियों को 30 दिनों के अंदर नामांतरण नियम अनुसार भूजमाबंदी बहाल करने का निर्देश

- भू राजस्व एवं आधारभूत संरक्षण को लेकर तेनुघाट अनुमंडल कार्यालय में बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार को पदाधिकारी मुकेश मछुवा की अध्यक्षता में सीसीएल कथारा, बी एंड के करगली, ढोरी, डीवीसी, बीटीपीएस, सीटीपीएस, सीसीएल रजरप्पा, बीसीसीएल के अधिकारियों एवं सीओ की उपस्थिति में भू राजस्व एवं आधारभूत संरक्षण को लेकर बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारी ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी सीओ को 30 दिनों के अंदर नामांतरण नियमानुसार भू जमाबंदी बहाल करने का निर्देश दिया है। जाती, आय, आवासीय प्रमाण पत्र समय पर निष्पादन करने सहित भू मापी, सीमांकन एवं सरकारी भूमि की रक्षा, संदेहास्पद जमाबंदी में कार्रवाई करने के लिए पुलिस बल की निगरानी में कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। मौके पर पेटरवार सीओ अशोक राम, चंद्रपुरा बीडीओ ईश्वर चंद्र आदि थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा**
(समाहरणालय परिसर लोहरदगा, ई–मेल– dfojhar2021loh@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादको को फॉरमुलेटेड स्पॉन मैश फीड उपलब्ध कराने हेतु आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्गत राज्यादेश के आलोक में किया गया संशोधन मान्य होगा।

1. निविदा की राशि – 4.40/– (चार लाख चालीस हजार) रू0 मात्र।
2. अग्रधन की राशि – 8800.00 (आठ हजार आठ सौ) – रू0 डिमांड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पदनाम से हो एवं लोहरदगा में भुगतेय हो।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान एवं अंतिम तिथिः– जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा दिनांक 16.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक निविदा स्वीकार किया जाएगा।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 16.05.2025 एवं अपराह्न 12:00 बजे।
5. निविदा खुलने का स्थान –सभागार, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. दिनांक 16.05.2025 को अपराह्न 12:00 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष सभागार, जिला परिषद, लोहरदगा में निविदा खोली जाएगी।
7. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि/एवं Lohardaga.inc.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 351728 Lohardaga(25-26)#D

# सच्चे मन से सीखने एवं बदलने को तैयार रहने पर खुलेगा सफलता का द्वार : डॉ स्टेफानोस

## शिक्षा वह शक्ति है, जो मानव के जीवन की दिशा बदल सकती है : फादर डॉ जोशी

- जेल के बंदियों के लिए हुआ विमोचन कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ की ओर से विद्यालय के संस्थापक बिशप डॉ स्टेफानोस मार थियोडोसियस की जन्म शताब्दी एवं स्कूल की 40वीं वर्षगांठ पर चास जेल में बंदियों के लिए विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक अरुणाभ कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि सच्चे मन से सीखने एवं बदलने को तैयार रहने पर सफलता का द्वार जरूर खुलेगा। इसलिए व्यक्ति को समय के अनुरुप खुद में बदलाव लाना चाहिए। समाज की मुख्यधारा से



जुड़ कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के प्रयास की भी सराहना की। वहीं, प्रधानाध्यापक फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि विमोचन कार्यक्रम के तहत चास जेल के बंदियों को निःशुल्क व्यवसायिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास होगा। साथ ही शिक्षा के सहारे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विमोचन कार्यक्रम का उद्देश्य केवल तकनीकी शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि बंदियों के जीवन को नई दिशा देकर आत्मविश्वास एवं पुनर्स्थापित होने का अवसर प्रदान करना है। पहले चरण में बंदियों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिससे बंदी आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ सकें एवं एक बेहतर भविष्य की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शक्ति है, जो मानव के जीवन की दिशा बदल सकती है। विमोचन न केवल ज्ञान देने की पहल है, बल्कि मानव की गरिमा को पुनःस्थापित करने का प्रयास है। वहीं, सेंट मेरी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डीनू डैनियल ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग का सहयोग करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। कोषाध्यक्ष पीई ईप्पन ने कहा कि एमजीएम स्कूल प्रबंधन हमेशा समाज सेवा में अग्रणी रहा है। यह पहल उसी मूल्य प्रणाली का विस्तार है। जेलर एनके शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बंदियों के पुनर्वास में बड़ी भूमिका निभाते हैं। यह पहल इस सच्चाई को दर्शाती है कि अगर इरादा नेक हो तो बदलाव संभव है। सबसे अंधेरे कोने में भी एक छोटी सी किरण उम्मीद की लौ जला सकती है।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(खनन शाखा)**

**सूचना**

एतद् द्वारा खूँटी जिला अन्तर्गत वैसे सभी सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, (जिनका वार्षिक खपत 10.000 MT तक हो) जो कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के नई कोयला वितरण नीति, 2007 के तहत झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि०, डोरण्डा, राँची से कोयला प्राप्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

सभी आवेदक अपने आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

1. Copy of PAN
2. GSTIN Certificate
3. Income Tax return of preceding Assessment Year
4. Bankers Certificate with attested photo and signature of the applicant
5. CTO from State Pollution Board (JSPCB)
6. Capacity Assessment Certificate issued by MSME, Kokar/Dhanbad.
7. Electricity Bill of last three months/Diesel Bill, if operated by Generator set.
8. Entrepreneurs Memorandum (Udyog/Udyam Aadhar)
9. Audited Financial Statement of last 3 (three) Financial Years (in case of old entities)
10. Any of the Government Identity Proof of Proprietor/Partner (as applicable) (Aadhar/Passport/Voter ID etc.)
11. Food & Drug Administration Permit (FSSAI License) for food product/edible Oil and similar industries.
12. Copy of Board Resolution/Letter of authorization for Authorised Signatory, in case of company/partnership firm including LLP.
13. Notarized copy of Partnership Deed/Article of Association (as applicable)
14. EPFO registration details (as applicable)
15. Self Declaration of not having coal linkage from any coal companies.
16. Stock Statement issued by a Chartered Accountant

ह०/–
उपायुक्त, खूँटी।

PR.NO.351723 Mines and Geology(25-26):D

## राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

# सुलभ और सुरक्षित जलार्पण के लिए विशेष रूप से इंतजाम: मंत्री

- वीआइपी, वीवीआइपी दर्शन पर पूर्ण रूप से रहेगी रोक
- क्यू आर कोड के माध्यम से फीडबैक सिस्टम को डेवलप किया जायेगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** मंगलवार को मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आगामी राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन देवघर परिसदन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त देवघर विशाल सागर एवं उपायुक्त दुमका ए डोडे ने एक-एक कर विभागवार मेला क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व नये तकनीकों के उपयोग से अवगत कराया।

बैठक के दौरान मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग सुदिव्य कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि 11 जुलाई से 9 अगस्त तक राजकीय श्रावणी मेला की तिथि निर्धारित है। ऐसे में संपूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली तैयारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष रूप से इंतजाम करने की आवश्यकता है, ताकि बाहर से आने देवतुल्य श्रद्धालु सुलभ व सुरक्षित जलार्पण के साथ एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो। साथ ही उन्होंने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर (आउट ऑफ टर्न दर्शन) वीआइपी, वीवीआइपी दर्शन पर पूर्ण रूप से बंद रहने की बात कही, ताकि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि झारखंड राज्य का सबसे बड़ा मेला है, ऐसे में मेला के दौरान श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से मधुर स्मृति लेकर लौटे यह हम सभी की जिम्मेवारी व जवाबदेही है। आगे राजकीय श्रावणी मेला के दौरान की जाने वाली तैयारियों की विभगार समीक्षा के क्रम में विद्युत आपूर्ति, पथ निर्माण विभाग, नगर निगम, जनसंपर्क विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भवन प्रमंडल एवं पुलिस विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए ससमय सभी कार्यों को पूर्ण करने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया।

समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से बनाये जाने वाले ओपी, ट्रैफिक ओपी, स्वास्थ्य केंद्र, सूचना सह सहायता केंद्र, विद्युत केंद्र, पर्यटन केन्द्र, मातृत्व केंद्र के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाये जाने वाले टेंट सीटी, मेला क्षेत्र में शौचालय, पेयजल, स्नानगृह, कूड़ेदान, साफ-सफाई एवं कचड़ा उठाव की व्यवस्थाओं को चौबिसों घंटे दुरुस्त रखने का निदेश दिया। साथ ही मेला क्षेत्र में पथ प्रकाश, साज-सज्जा, तोरण द्वार एवं विद्युत आपूर्ति को लेकर सुरक्षात्मक उपायों के अलावा वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था की स्थिति को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने मेला क्षेत्र में क्यू आर कोड के माध्यम से फीडबैक सिस्टम को डेवलप करने का निदेश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को होने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया जा सके, जिसके पश्चात संबंधित विभाग के द्वारा त्वरित समस्याओं का निराकरण किया जा सके। गर्मी को ध्यान में रखते हुए इंद्र वर्षा, मिस्ड कूलिंग सिस्टम की संख्या बढ़ाने के साथ मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी बेहतर करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने अपने अपने आवंटित कार्यों के अलावा किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही आगामी राजकीय श्रावणी मेला 2025 हेतु विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अपराध नियंत्रण, वाहनों का पड़ाव स्थल, सुविधाजनक रूटलाईन के साथ साथ यातायात की सुव्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**श्रावणी मेला के दौरान विभिन्न आधुनिक तकनीकों का किया जायेगा उपयोग :** राजकीय श्रावणी मेला के दौरान तकनीकी के क्षेत्र में एआइ बेस्ड इंट्रीगेटेड मेला कंट्रोल रूम, एआइ चैट बोर्ड-इन्फॉरमेशन फीडबैक एण्ड हेल्पलाइन, एआइ बेस्ड ट्रैफिक मैनजेमेंट सिस्टम एवं लोकेशन बेस्ड एटेंन्डेंस सिस्टम व डिजिटल पवेलियम का उपयोग किया जायेगा। इसके अलावे बैठक के पश्चात उपायुक्त विशाल सागर ने मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग सुदिव्य कुमार सोनू, देवघर विधायक सुरेश पासवान, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, पर्यटन निदेशक अंजली यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान उपरोक्त के अलावा आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल लालचंद डाडेल, जेटीडीसी के एमडी, पुलिस अधीक्षक देवघर, पुलिस अधीक्षक दुमका, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर व दुमका, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, कार्यपालक अभियन्ता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक अभियांत्रिकी विद्युत प्रमंडल धनबाद, कार्यपालक अभियन्ता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियांता भवन निर्माण निगम, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## देवघर अंडर-15 वुमेन टीम फाइनल में, रांची को हरा कर रचा इतिहास




**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-15 वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 में देवघर की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला धनबाद जिले में आयोजित किया गया था, जिसमें मंगलवार को देवघर और रांची की टीमों के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। मैच में देवघर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। रांची की टीम ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 65 रन बनाये। जवाब में देवघर की टीम ने 14.1 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और यह रोमांचक मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। मैच की हीरो रहीं जयमाला कुमारी, जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 11 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाये और एक ओवर मेडन भी डाला। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।अब देवघर की टीम फाइनल मुकाबले में हजारीबाग से भिड़ेगी, जो बोकारो में खेला जायेगा। देवघर जिला क्रिकेट संघ ने टीम की इस शानदार उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है।

## देवघर में होगी अंडर-23 वुमेन क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी, टीम की घोषणा

**देवघर।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-23 वुमेन क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी इस वर्ष देवघर जिला को मिली है। टूनार्मेंट के ग्रुप ए के सभी मैच देवघर के स्थानीय केकेएन स्टेडियम में खेले जायेंगे। प्रतियोगिता का आगाज 8 मई 2025 से होगा। ग्रुप ए में शामिल टीमें हैं - जमशेदपुर, रांची, देवघर, रामगढ़, गुमला और हजारीबाग। इस प्रतियोगिता को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। देवघर जिला क्रिकेट संघ ने मंगलवार को देवघर अंडर-23 महिला टीम की घोषणा कर दी है। टीम चयन में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गयी है, जो जिला स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करती आ रही हैं। देवघर जिला क्रिकेट संघ को उम्मीद है कि घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा टीम को मिलेगा और खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीतेंगे।

## अधिवक्ता दया शंकर रवानी के निधन पर शोक की लहर



- अनुमंडल अधिवक्ता संघ के आकस्मिक निधन से काफी मर्माहत है

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** अधिवक्ता संघ के सदस्य दया शंकर रवानी, अधिवक्ता उम्र लगभग 54 वर्ष की अकस्मात मृत्यु मंगलवार को सुबह 6.15 बजे अपने निवास स्थान पर हो गई। दया शंकर रवानी वर्ष 2012 से मधुपुर कोर्ट में नियमित रूप से अपना विधि व्यवसाय करते आ रहे थे, इससे पूर्व वर्ष 1999 से वो देवघर कोर्ट में प्रैक्टिस करते रहे। विगत कुछ माह पूर्व से किडनी संबंधी बीमारी से ग्रसित थे और उनका इलाज चेन्नई और रांची से चल रहा था, परन्तु आज तड़के सुबह हार्टअटैक के कारण उनकी मृत्यु हो गई, वो अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए।इसको लेकर मधुपुर अधिवक्ता संघ में आज एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शान्ति हेतु भगवान से प्रार्थना कर श्रद्धांजली अर्पित की गयी। साथ ही मृत अधिवक्ता के पत्नी को संघ की ओर से तत्काल 40000 रुपये सहायता के रुप में देने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद शाही, महासचिव श्याम सुंदर भैया, प्रशासनिक सचिव जितेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय प्रसाद शाही, शकील अहमद, कार्यकारिणी सदस्य उमेश प्रसाद शाही, सरोज कुशवाहा, मो जीशान अंसारी, गणेश यादव, उमेश सिंह, संघ के वरीय सदस्य डोमन प्रसाद यादव, सतीश चंद्र मंडल, प्रमोद कुमार राय, दीपक कुमार, धनंजय प्रसाद, सोहेल अख्तर अंसारी, सिद्दीक अंसारी, मो.अब्बास, जियानंद महतो, विजय कुमार, संजय कुमार, प्रणय कुमार सिन्हा, पुरन महतो, अवधेश सिंह, समरेश कु.सिंह, दिनेश चौधरी, शंकर दयाल ठाकुर, संजय बारी, प्रमोद कुमार, उमेश भैया, अवधेश ठाकुर, समरेश सिंह, बाकर हुसैन, समीर यादव, संजय शरण, मो नसरूल, रणजीत सिन्हा, अशोक पासवान, मो रिजवान शाहीन उपस्थित थे।










































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**